दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 253

ग्वालियर, गुरुवार 02 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

मस्जिद में शिवलिंग की बहस में शामिल हुए अक्षय, बोले दिखता तो वैसा ही है

मुंबई। वाराणसी की ज्ञानवापी विवाद को लेकर पूरे देश में बहस चालू है। अक्षय कुमार भी मस्जिद में शिवलिंग की बहस में कूद गए हैं। अक्षय कुमार हाल में को-एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर और

डायरेक्टर डॉ चंद्र प्रकाश द्विवेदी के साथ वाराणसी गए थे। इस दौरान उन्होंने काशी घाट पर पूजा की और गंगा में डुबकी लगाई। इस दौरान अक्षय कुमार ने ज्ञानवापी विवाद पर अपनी बात कही। अक्षय कुमार ने कहा जो दिख रहा है, उसके ऊपर सरकार या फिर एएसआई वाले, पुरातत्व सर्वेक्षण और न्यायाधीश, कुछ भी कहने के लिए बेहतर लोग और बॉडी हैं। वे और भी बहुत कुछ जानते हैं। मैंने अभी वीडियो देखा है, हमें उतना समझ नहीं आएगा। देखने में शिवलिंग ही लगता है। हालांकि अक्षय ने आगे कहा कि वह उन विषयों के बारे में बोलने में सहज नहीं हैं, जिनके बारे में वह नहीं जानते। बातचीत के दौरान अक्षय कुमार से यह भी पूछा गया कि अगर उन्हें एक दिन के लिए प्रधानमंत्री बनने का मौका दिया जाए तो वह क्या करेंगे? इस पर अक्षय ने जवाब दिया मेरा कटआउट पीएम के लिए नहीं बना। यह एक एक्टर के लिए है और मैं अपनी छोटी-सी दुनिया में खुश हूं। हमारे पीएम इतना काम करते हैं, मुझे नहीं लगता कि मैं एक दिन में इतने काम कर सकता हूं।

उछाल मार रही मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था, भाजपा ने बनाया बीमारू को अग्रणी राज्य : जेपी नड्डा

- राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा-अब विकास और जनहित की योजनाओं के लिए जाना जाता है प्रदेश
- कोरोना संकट में जान हथेली पर लेकर निकले पार्टी कार्यकर्ता, पीड़ितों तक पहुंचाई मदद

भोपाल। एक समय था जब मध्यप्रदेश का नाम बिहार, राजस्थान, उत्तरप्रदेश जैसे उन पिछड़े राज्यों के साथ लिया जाता था, जो विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर अर्जित की गई उपलब्धियों के आंकड़ों को खींचकर नीचे उतार देते थे। लेकिन अब तस्वीर बदल गई है। मध्यप्रदेश अब देश का अग्रणी राज्य है और उसे बीते वर्षों में हुए विकास तथा जनहित की उन योजनाओं के लिए जाना जाता है, जिन्हें कमलनाथ सरकार ने बंद कर दिया था। यह लाडली लक्ष्मी सहित महिला सशक्तीकरण की उन योजनाओं के लिए जाना जाता है, जिनका प्रभाव धरातल पर दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश का यह कायाकल्प भाजपा की सरकार ने किया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही।

सुदृढ़ हुई प्रदेश की अर्थव्यवस्था, बदल रहा लोगों का जीवन

श्री नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था आज उछाल मार रही है। प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 11 लाख, 69 हजार करोड़ से अधिक हो गया है। प्रदेश की विकास दर 19.74 प्रतिशत है, जो देश में सर्वाधिक है। आज राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 01

लाख 24 हजार प्रतिवर्ष से भी अधिक हो गई है। श्री नड्डा ने कहा कि देश की बीपीएल जनसंख्या में 12 प्रतिशत की कमी लाने वाली प्रधानमंत्री आवास और उज्जवला जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अव्वल है। उज्जवला योजना के तहत 79 लाख से अधिक महिलाओं को निःशुल्क कनेक्शन दिये गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 24 लाख प्रधानमंत्री आवास बन चुके हैं, 6 लाख और बनाए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में 7 लाख से अधिक आवास स्वीकृत हुए हैं। श्री नड्डा ने कहा कि 5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने वाली आयुष्मान भारत योजना के तहत 2 करोड़ 87 लाख कार्ड बनाने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ 89.50 लाख किसानों को मिल रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किसानों को 2 हजार रुपए अतिरिक्त देने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है। प्रदेश में किसानों के हित में कई कदम उठाए गए हैं। पहले जहां सिर्फ 7.5 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होती थी, वहीं अब 43 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो रही है। जैविक कृषि में मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। मध्यप्रदेश में लगभग 11 करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन डोज लगाने का रिकॉर्ड कायम किया गया। वहीं, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 43.53 लाख मीट्रिक टन खाद्यान का वितरण किया गया।

महिला सशक्तीकरण को जमीन पर उतारा

श्री नड्डा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के लिए महिला सशक्तीकरण सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि उसे यहां जमीन पर उतारा गया है। प्रदेश की 48 लाख लाड़ली लक्ष्मी बेटियां इसका उदाहरण हैं। सुकन्या समृद्धि योजना में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत, सरकारी भर्तियों में 33 प्रतिशत और टीचर भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है। श्री नड्डा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के मामले में भी मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य बन गया है।

मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने केजरीवाल से पूछे 10 सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली में आप सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन की ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिग के आरोपों में गिरफ्तारी के बाद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने केजरीवाल सरकार को निशाने पर लिया। केंद्रीय मंत्री ईरानी

ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को एक भ्रष्ट व्यक्ति को क्लीन चिट दी। उन्होंने यह घोषणा की कि सत्येंद्र जैन के खिलाफ जो आरोप हैं, वहां सभी तथ्यों से बहुत दूर हैं। केजरीवाल ने सतेंद्र जैन को जनता की अदालत में बरी कर दिया। इसकारण आज मैं कुछ प्रश्न पूछने के लिए विवश हूं। मेरा पहला सवाल केजरीवाल जी से ये है कि क्या वहां इस बात को स्पष्ट कर सकते हैं कि सतेंद्र जैन ने 4 शैल कंपनियों को अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से 16.39 करोड़ रुपये की, 56 शैल कंपनियों के माध्यम से, हवाला ऑपरेटर्स के सहयोग से, 2010-16 तक मनी लॉन्ड्रिंग की या नहीं। ईरानी ने पूछा कि केजरीवाल जी, क्या ये सत्य है कि प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स ने इस बात को कहा कि 16.39 करोड़ के कालेधन के सही मालिक स्वयं सतेन्द्र जैन हैं? क्या ये सत्य है कि डिविजन बैंच दिल्ली हाईकोर्ट ने 2019 के अपने एक ऑर्डर में इसकी पुष्टि की कि सतेंद्र जैन ने मनी लॉन्ड्रिंग की है? केजरीवाल से स्मृति ईरानी ने चौथा सवाल पूछते हुए कहा कि क्या ये सत्य है कि दिल्ली हाईकोर्ट की डिविजन बेंच ने 21 अगस्त 2019 के अपने ऑर्डर में इसकी पुष्टि की कि सत्येंद्र जैन ने 16 करोड़ 39 लाख रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग की। अगर केजरीवाल जी के पास कोर्ट के इस दस्तावेज की कोई कॉपी नहीं हैं, तब भाजपा के कार्यकर्ता विधिवत बड़े सम्मान के साथ ऑर्डर की कॉपी उन्हें भेज सकते हैं।

झांसी साड़ी की दुकान में लगी भीषण आग, बुर्जुग दंपति की जलकर मौत

नई दिल्ली। झांसी के कोतवाली थानाक्षेत्र में एक साड़ी की दुकान और ऊपर बने आवासीय हिस्से में भीषण आग लग गई। हादसे के समय ऊपरी हिस्से में परिवार के नौ लोग सो रहे थे। नीचे साड़ी की दुकान से उठी आग पूरी तेजी से ऊपरी माले तक पहुंच गई और इसकी चपेट में आकर बुर्जुग दंपति की मौत हो गई। पुलिस और पड़ोसियों की मदद से परिवार के सात अन्य लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि कोतवाली थानाक्षेत्र के नरिया बाजार स्थित साड़ी सेंटर में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की व कई थानों की पुलिस समेत जिलाधिकारी रव्दिंर कुमार व एसएसपी शिवहरी मीना भी मौके पर पहुंच गए। दमकल व स्थानीय लोगों की मदद से आग में फंसे सभी 9 लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। इसमें अजय व संजय समेत सात लोगों को रेस्क्यू कर बचा लिया गया जबकि श्रीराम अग्रवाल (70) व उनकी पत्नी शांति देवी (68) गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए भेजा गया।

मोदी सरकार कश्मीरी पंडितों की पीड़ा को लेकर गंभीर नहीं: आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और राज्यसभ सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक पुराना मामला खोलकर घाटी में कश्मीरी पंडितों की हत्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। सिंह ने कहा कि केंद्र को जैन को जेल भेजने की चिंता करने के बजाय कश्मीर में आतंकवादियों का सफाया करने के तरीकों के बारे में सोचना चाहिए।

सिंह ने कहा, उस समय में जब कश्मीरी पंडितों की आए दिन हत्या हो रही है, केंद्र एक पुराना मामला (जैन के खिलाफ) खोलकर इस मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। पिछले आठ सालों से सो रहे ईडी ने हिमाचल प्रदेश चुनाव से ठीक पहले जैन को क्यों पकड़ा?÷ उन्होंने पूछा, पिछले आठ वर्षों में उन्हें ईडी द्वारा सात बार तलब किया गया। लेकिन जब उन्हें (आप) हिमाचल प्रदेश का प्रभारी बनाया गया था और जब आप राज्य में सक्रिय हो रही थी, तब उन्हें गिरफ्तार क्यों किया गया? हिमाचल में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। पंजाब में इसी साल मिली शानदार चुनावी जीत के बाद आप इस राज्य में सियासी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र कश्मीरी पंडितों की पीड़ा को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा, अच्छा होता अगर केंद्र कैबिनेट की बैठक कर आतंकवादियों का सफाया करने, कश्मीरी पंडितों की रक्षा करने और उनकी जान बचाने के तरीकों पर चर्चा करता। उन्होंने कहा, यह शर्मनाक है कि भाजपा के नेतृत्व वाला केंद्र हिमाचल प्रदेश चुनाव को लेकर चिंतित और परेशान है, कि कैसे जैन को जेल भेजकर आप को बदनाम किया जाए। कश्मीर जल रहा है और कश्मीरी पंडितों की हत्या हो रही है। कृपया जागें और उनकी सुरक्षा की चिंता करें। उन्होंने कहा कि 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म रिलीज होने के बाद केंद्र सरकार के मंत्रियों ने कश्मीरी पंडितों के बारे में बात की, लेकिन उनमें से किसी ने भी घाटी में हुई हत्याओं के बारे में ट्वीट नहीं किया। सिंह ने कहा कि जैन मामले से बेदाग बाहर आएंगे जैसे पूर्व में आप के अन्य नेताओं ने किया। उन्होंने कहा, सीबीआई ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास पर छापा मारा, लेकिन कुछ नहीं मिला। हमारे 34 विधायक जेल गए लेकिन बाद में उन्हें अदालतों ने क्लीन चिट दे दी। जैन का बचाव करने को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर बुधवार को निशाना साधने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर पलटवार कर सिंह ने कहा, जो लोग राफेल घोटाले में शामिल थे।

खास खबर

मेक्सिको में तूफान अगाथा से बाढ़ और भूस्खलन, 10 की मौत, 20 हैं लापता

ओक्साका। दक्षिणी मेक्सिको में तूफान 'अगाथा' के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के चलते कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग अब भी लापता हैं। दक्षिणी शहर ओक्साका के गवर्नर ने यह जानकारी दी। गवर्नर एलेजांद्रो मूरात ने बताया कि बाढ़ के कारण कई मकान बह गए, जबकि कई लोग दलदल और चट्टानों के मलबे में दब गए। मूरात ने मीडिया से कहा, लोगों की मौत बाढ़ और भूस्खलन होने के कारण हुई है। उन्होंने बताया कि जान गंवाने वाले अधिकतर लोग पहाड़ी इलाकों के कई छोटे शहरों से थे, जबकि हुआतुल्को के रिजार्ट के पास तीन बच्चों के लापता होने की खबर भी है। 'अगाथा' के प्रभाव के चलते 105 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हालांकि, अब वह कमजोर पड़ गया और मंगलवार को वेराक्रूज़ राज्य की ओर बढ़ गया।

प्रेमी से शादी करने तैरकर बांग्लादेश से बॉर्डर पारकर भारत पहुंची लड़की

नई दिल्ली। प्यार के लिए लोग लंबी दूरी तय कर लेते हैं, इसका एक उदाहरण आज हम आपके सामने पेश कर रहे है। खबरों के मुताबिक, बांगलादेश की एक लड़की प्यार में इतनी ज्यादा पागल हो गई कि वह अपने बॉयफ्रेंड से शादी करने के लिए बांग्लादेश से बॉर्डर पार कर भारत पहुंच गई। यहीं नहीं लड़की तैरकर बांग्लादेश से बॉर्डर पार कर भारत पहुंची है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लड़की की उम्र 22 साल है, और वह अपने बॉयफ्रेंड से शादी करना चाहती थी जिसके लिए लड़की ने भारत की सीमा पानी में तैरकर पार की। लड़की ने सुंदरबन के जंगली जंगलों को भी पार किया। इसके अलावा, लड़की ने अपनी जान जोखिम में डालकर भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने का कानून तोड़ा है। महिला का नाम कृष्णा मंडल हैं, उसकी दोस्ती सोशल मीडिया के जरिए अभिक मंडल से हुई। दोनों की दोस्ती प्यार में तब्दील हो गई। आभिक से मिलने के लिए कृष्णा ने पानी में तैरकर भारत पहुंचने का ऑप्शन चुना क्योंकि उसके पास पासपोर्ट नहीं था। कृष्णा ने सबसे पहले सुंदरबन में प्रवेश किया था, जो रॉयल बंगाल टाइगर्स के लिए लोकप्रिय है। सुंदरबन पहुंचने के बाद, वह एक और घंटे तक तैरती रही। वह अपने बॉयफ्रेंड अभिक से मिली और फिर कोलकाता के कालीघाट मंदिर में शादी के बंधन में बंध गई। कृष्णा को बीते सोमवार को अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों का दावा है कि कृष्णा को अब बांग्लादेश उच्चायोग को सौंपा जाएगा।

कांग्रेस नेताओं के आने से आपत्ति नहीं अब हार्दिक पटेल की एंट्री से भाजपा नेता खफा

नई दिल्ली। हार्दिक पटेल गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। अब खबर है कि पटेल के आने से भाजपा नेताओं का एक वर्ग असंतोष जाहिर कर रहा है। नेताओं का कहना है कि पाटीदार नेता ने भाजपा को काफी नुकसान पहुंचाया है। पटेल ने मंगलवार को भाजपा में शामिल होने का ऐलान कर दिया था। हाल ही में उन्होंने ट्वीट के जरिए कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दिया था और अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के नाम एक नोट भी लिखा था। एक वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी ने कहा, हमें कांग्रेस नेताओं के भाजपा में आने से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन हार्दिक पटेल ने हमारी पार्टी को नुकसान पहुंचाया है। जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर शीर्ष नेताओं तक अधिकांश उन्हें भाजपा में नहीं चाहते।

500 सालों के संघर्ष में अंततः मिली जीत, गर्भगृह की पहली शिला रखकर बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

अयोध्या। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के लिए बुधवार का दिन बेहद खास रहा। मंदिर निर्माण अब दूसरे चरण में प्रवेश कर चुका है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत तरीके से गर्भगृह की पहली शिला रखी। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 सालों से जिसका इंतजार था, वह अब मूर्त रूप लेने जा रहा है। उन्होंने कहा भारत की आस्था पर आक्रांताओं ने प्रहार किया था, लेकिन अंत में भारत और सत्य की जीत हुई है। सीएम योगी ने कहा कि 500 सालों की संघर्षपूर्ण साधना थी, यह साकार और मूर्त रूप लेती दिख रही है। हर हिन्दुस्तानी के लिए इससे बढ़कर गौरव की अनुभूति का क्षण क्या हो सकता है। जिन आक्रांताओं ने हमारी आस्था पर प्रहार करते हुए भारत के सपनों को चकनाचूर करने की मानसिकता के साथ नापाक इरादों से भारत की आस्था पर प्रहार किया था अंत में भारत की जीत हुई है। सत्यमेव जयते के इस नारे ने एक बार, धर्मो रक्षति रक्षितः, यतो धर्मस्ततो जयः के इस घोष ने एक बार फिर अपनी सार्थकता को साबित किया है। सीएम योगी ने कहा



मंदिर निर्माण पूज्य संतों का संघर्ष श्रद्धेय, अशोक सिंघल जी जैसे संत, आरएसएस, और विचार परिवार से जुड़े हुए उन लाखों कार्यकर्ताओं का जो पुरुषार्थ था वह आज साकार रूप लेता दिख रहा है। सचमुच आज का दिन हम सबको अभिभूत करता है। नई प्रेरणा देता है कि हम सदैव धर्म, सत्य और न्याय के रास्ते पर बढ़ेंगे तो विजय होने से कोई नहीं रोक सकता है। गर्भगृह के निर्माण का शुभारंभ करने के बाद सीएम योगी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अब मंदिर का निर्माण तेजी से होगा। उन्होंने कहा सैकड़ों वर्षों की जो भारत की आस्था जिस पवित्र काम के लिए तरस रही थी, वह दिन बहुत दूर नहीं, जब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का मंदिर अयोध्या में बनकर देश-दुनिया के सभी सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रतीक बनेगा ही। रामजन्मभूमि मंदिर भारत का राष्ट्र मंदिर होगा। भारत की आस्था को सम्मान देने के साथ भारत के एकात्मता का प्रतीक होगा। सीएम योगी ने कहा शिलापूजन कार्यक्रम का सौभाग्य हम लोगों को मिला है, इसके लिए मैं न्यास के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूं। निर्माण कार्य से जुड़ी संस्थाओं ने पौने दो साल में बहुत तेजी से काम किया है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में उनके करकमलों से जिस काम का शुभारंभ हुआ है।

नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया और राहुल गांधी की बढ़ी मुश्किलें

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। 8 जून को उनसे पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा राहुल गांधी को 2 जून को बुलाया गया है, लेकिन उन्होंने पेश होने के लिए वक्त दिए जाने की मांग की गई है। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी विदेश में हैं और उन्होंने पेशी के लिए दूसरी तारीख देने की मांग की गई है। कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम झुकेंगे नहीं और सामना करेंगे। उन्होंने कहा है कि सोनिया गांधी खुद ईडी के दफ्तर जाएंगी और सभी सवालों के जवाब देंगी। आपको बता दें कि इस केस को 2015 में जांच एजेंसी ने बंद कर दिया था। गांधी परिवार के

खिलाफ ईडी के समन के बाद सियासी बयानबाजी शुरू हो चुकी है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, %नेशनल हेराल्ड मामले में साजिश के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी ने नोटिस भेजा है। लेकिन हम डरेंगे नही, झुकेंगे नहीं... सीना ठोक कर लड़ेंगे।% अभिषेक मनु सिंघवी ने भाजपा पर अपने राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को कठपुतली की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगया है। इससे पहले 12 अप्रैल को नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता पवन बंसल से पूछताछ की थी। इस दौरान उनसे वित्तीय लेन-देन सहित कई पहलुओं को लेकर सवाल किए गए थे। सुब्रमण्यम स्वामी ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत नेता मोतीलाल वोरा, पत्रकार सुमन दुबे और टेक्नोक्रेट सैम पित्रोदा पर आरोप लगाए थे। उनका आरोप था कि यंग इंडिया लिमिटेड के जरिए गलत तरीके से इसका अधिग्रहण किया गया है और कांग्रेस नेताओं ने 2,000 करोड़ रुपये तक की संपत्ति हथिया ली।

म्यांमार में बम विस्फोट, सैन्य सरकार और विरोधी एक-दूसरे पर लग रहे आरोप

बैंकॉक। म्यांमार की सैन्य सरकार और उसके विरोधियों ने यांगून के मध्य भाग में हुए एक बम विस्फोट के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है। विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए। सेना द्वारा पिछले साल लोकतंत्र समर्थक नेता आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार को अपदस्थ करने के बाद से देश हिंसा से जूझ रहा है। विस्फोट के लिए विपक्ष के आंदोलन की सशस्त्र शाखा 'पीपुल्स डिफेंस फोर्सेस (पीडीएफ) को जिम्मेदार ठहराया गया है, लेकिन इसका कोई सबूत पेश नहीं किया गया।

मीडिया ने कहा कि शहर के प्रमुख स्थान सुले पागोडा से कुछ ही दूरी पर ''एक बस अड्डे पर पीडीएफ आतंकवादियों द्वारा लगाए गए देसी बम'' में विस्फोट करके हमला किया गया।मंगलवार को अपराह्न तीन बजकर 20 मिनट पर हुए विस्फोट में 30 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पीडीएफ की कमान काफी हद तक स्वयंभू 'नेशनल यूनिटी गवर्मेन्ट' (एनयूजी) के हाथ में है। एनयूजी के प्रवक्ता ने विस्फोट के लिए सैन्य सरकार को

जिम्मेदार ठहराया है। एनयूजी के अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री सासा ने कहा, नरसंहार करने वाली क्रूर सेना म्यांमा में अपनी ही असैन्य आबादी के खिलाफ अनुचित बमबारी कर उनकी हत्या कर रही है।'' म्यांमा में पिछले साल सैन्य तख्तापलट के बाद हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को सेना और पुलिस ने बल प्रयोग से दबा दिया। इसके जवाब में सैन्य शासन के विरोधियों ने हथियार उठा लिए और अब वे देश के कई हिस्सों में उग्रवादी गतिविधियों को सक्रिय रूप से अंजाम दे रहे हैं। रिपोर्ट में बताया कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 1,876 नागरिक मारे गए, जिनमें से ज्यादातर शहरों और कस्बों में रहते थे।

न्यूज़ ट्रैक....

विवाह बंधन में बंधी महिला क्रिकेटर नताली और कैथरीन

लंदन । इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर नताली स्किवर और कैथरीन ब्रंट शादी के बंधन में बंध गईं हैं। इंग्लैंड की विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा रहीं नताली और कैथरीन को इसके लिए सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने बधाई दी है। वहीं इंग्लैंड क्रिकेट ने भी इन दोनो क्रिकेटरों को बधाई ही है। इस शादी समारोह में कप्तान हीथर नाइट, डेनियल वाट, इशा गुहा और जैनी गुन सहित कई क्रिकेटर शामिल हुई। नताली और कैथरीन दोनों ही साल 2017 में भारत को हराकर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड टीम में शामिल थीं। ये दोनों ही इस साल 2022 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में भी शामिल थीं। इसमें इंग्लैंड की टीम उप विजेता रही थी। नताली की साल 2019 में कैथरीन के साथ सगाई हुई थी पर तब कोरोना संक्रमण के कारण ये शादी नहीं कर पायीं थीं अब जबकि हालात ठीक हो गये हैं तब इन दोनो ने शादी की है।

सरवन ने वेस्टइंडीज क्रिकेट के चयनकर्ता पद से इस्तीफा दिया

जमैका । वेस्टइंडीज क्रिकेट में मतभेद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब टीम के पूर्व कप्तान रामनरेश सरवन ने पुरुष सीनियर और जूनियर टीम के चयनकर्ता पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। सरवन ने हालांकि अपने इस्तीफे के पीछे निजी कारण बताये हैं पर अचानक ही उनके पद छोड़ने से सवाल उठने लाजिमी हैं। सरवन का कार्यकाल साल 2024 तक था। उन्होंने पांच माह पहले ही चयनकर्ता पद संभाला था। वहीं वेस्टइंडीज बोर्ड ने सरवन का इस्तीफा स्वीकार करते हुए अंतरिम तौर पर रॉबर्ट हेंस को चयनकर्ता बनाया है। हेंस इस समय जूनियर पैनल की चयनसमिति के सदस्य हैं। वहीं पूर्व बल्लेबाज डेसमंड हेंस सीनियर पुरुष टीम के मौजूदा चयन पैनल के प्रमुख हैं। टीम के मुख्य कोच फिल सिमंस हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज के निदेशक जिमी एडम्स ने सरवन के इस्तीफे पर निराश व्यक्त करते हुए कहा कि वेस्टइंडीज क्रिकेट में उनका अहम योगदान रहा है। एडम्स ने कहा, 'क्रिकेट में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए हम निराश हैं कि सरवन चयनकर्ता की भूमिका को जारी नही रखना चाहते। हमने इसके कारणों को समझकर उनके इस्तीफे को स्वीकार किया है। हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं।'

नॉर्वे शतरंज : कार्लसन को हराकर चौथे स्थान पर पहुंचे आनंद

नई दिल्ली । भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने नॉर्वे शतरंज मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया है। आनंद ने ब्लिट्ज वर्ग में नार्वे के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को सातवें दौर में पराजित किया। वही आनंद को चौथे दौर में नीदरलैंड के अनीश गिरी और नौवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार ब्लिट्ज वर्ग में आनंद को पांच अंक मिले। इसमें आनंद ने नॉर्वे के आर्यन तारी को पहले दौर में हराया जबकि दूसरे दौर में वेसली सो से उनका मुकाबला बराबरी पर रहा। तीसरे दौर में उन्होंने वेसलीन टोपालोव को हराया जबकि तैमूर राजाबोव के साथ उनकी बाजी बराबरी पर रही। गिरी से हारने और चीन के हाओ वांग से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने कार्लसन को हराया पर इसके बाद शखरियार मामेदियारोव से उनका मुकाबला ड्रॉ रहा पर लाग्रेव से वह हार गए। इस दौरान अमेरिका के

स्कॉटलैंड में फीफा विश्वकप क्वालीफायर फुटबॉल मुकाबलों के लिए अभ्यास करते हुए स्कॉटलैंड के खिलाड़ी।

फ्रेंच ओपन : नडाल ने जोकोविच को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

महिला एकल में मार्टिना और गॉफ अंतिम चार में पहुंची

पेरिस । स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी खिलाड़ी राफेल नडाल वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। नडाल ने पुरुषों के एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 6-2, 4-6, 6-2, 7-6 से हराया। यह महामुकाबला 4 घंटे 11 मिनट तक चला। अब सेमीफाइनल में नडाल का मुकाबला जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। इसी के साथ ही नडाल 22वें ग्रैंड स्लैम में जीत की ओर बढ़ गये हैं। नडाल ने इस मैच में सर्बियाई खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट जीतकर शुरुआत अच्छी की पर दूसरे सेट में वह लय कायम नहीं रख सके और दूसरा सेट 4-6 से हार गए। इसके बाद स्पेन के खिलाड़ी ने अच्छी वापसी करते हुए अगले दोनों सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

टाई ब्रेकर तक पहुंचे इस मुकाबले में नडाल भारी पड़े। इस मुकाबले से पहले जोकोविच का नडाल के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 30-28 का था।

वहीं दूसरी ओर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में इटली की मार्टिना ट्रेविसान ने कनाडा की लेलाह फर्नांडिज को एक

स्पेन के टेनिस स्टार रफल नडाल फ्रैंच ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में जीत के बाद उत्साहित होते हुए।

संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यहां अब ट्रेविसान का सामना 18वीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ से होगा। ट्रेविसान ने रोलां गैरो पर दुनिया लेलाह को दो घंटे और 21 मिनट में 6-2, 6-7(3), 6-3 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी है।

दूसरे सेट में 5-4 के स्कोर पर सर्विस करते हुए 28 साल की ट्रेविसान को मैच अंक मिला था पर उन्होंने इस अवसर और सेट को गंवा दिया इसके बाद तीसरे सेट में वह वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रही। वहीं गॉफ ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में अपने ही देश की स्लोएंस स्टीफन्स को सीधे सेट में 7-5 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान मोमिनुल का इस्तीफा

ढाका । बांग्लादेश की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान मोमिनुल हक ने इस्तीफा दे दिया है। मोमिनुल ने कहा है कि उन्होंने बल्लेबाजी पर ध्यान देने के लिए कप्तानी छोड़ी है। वहीं कहा जा रहा है कि कप्तान बनने के बाद से ही वह अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे थे जिसके कारण को रही आलोचनाओं के कारण वह दबाव में थे। उनकी टीम को हाल में समाप्त हुई दो टेस्ट मैचों की सीरीज में भी श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। इसमें बांग्लादेशी बल्लेबाज नाकाम रहे थे।

मोमिनुल ने बोर्ड अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद कहा, ' मैंने बोर्ड प्रमुख से कहा कि मैं कप्तान के तौर पर टीम को योगदान देने में विफल रहने के अलावा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी नहीं कर पा रहा हूं। ऐसे में मुझे लगता है कि टीम की कप्तानी किसी और को दी जानी चाहिये। मेरा मानना है कि यदि में केवल बल्लेबाजी पर ध्यान दूं तो इससे टीम को ज्यादा लाभ होगा।'

मोमिनुल ने इस साल अब तक खेले अपने छह टेस्ट मैचों में केवल एक अर्धशतक लगाकर कुल 162 रन ही बनाए। इस बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ 3 पारियों में भी केवल 11 रन ही बनाए। बांग्लादेश को अब 5 जून को वेस्टइंडीज दौरे पर जाना है। उसे इस दौरे पर तीन टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। मोमिनुल ने कप्तान रहते हुए 17 टेस्ट में 31 की औसत से 912 रन बनाए हैं। इस दौरान टीम को केवल 3 टेस्ट में ही जीत मिली, जबकि 12 में हार का सामना करना पड़ा।

सचिन की सर्वश्रेष्ठ आईपीएल टीम के कप्तान बने हार्दिक , रोहित और विराट शामिल नहीं

मुम्बई । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आईपीएल 2022 की अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम ग्यारह में रोहित शर्मा और विराट कोहली को शामिल नहीं किया है। सचिन के अनुसार उन्होंने इस टीम का चयन इस सत्र के प्रदर्शन के आधार पर किया है। सचिन ने कहा, ' इसका खिलाड़ियों के पिछले प्रदर्शन या उनके नाम और रिकार्ड से कोई मतलब नहीं है। यह पूरी तरह से इस सत्र में किये प्रदर्शन पर चयनित की गयी है।' तेंदुलकर ने अपनी इस टीम का कप्तान हार्दिक पंड्या को बनाया है क्योंकि उनकी कप्तानी में गुजरात टाइटंस टीम अपने पहले ही आईपीएल में खिताब जीती है। इस टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर जोस बटलर और शिखर धवन को रखा गया है।

बटलर ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए आईपीएल के 15वें सीजन में सबसे ज्यादा 863 रन बनाए जबकि धवन ने पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए 14 मैचों में 460 रन बनाये। वहीं तीसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के लोकेश राहुल को शामिल किया है। राहुल आईपीएल के 15वें सीजन में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने 15 मैचों में 2 शतक लगाकर 616 रन बनाये। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के पंड्या को जगह मिली। पंड्या ने इस नंबर पर उतरते हुए इस सत्र में अच्छी बल्लेबाजी की थी। इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन और दिनेश कार्तिक को रखा गया। वहीं गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह , मोहम्मद शमी तेज गेंदबाज जबकि युजवेंद्र चहल और राशिद खान स्पिनर के तौर पर रखे गये हैं।

सचिन तेंदुकर की अंतिम ग्यारह इस प्रकार है : हार्दिक पंड्या (कप्तान), जोस बटलर, शिखर धवन, लोकेश राहुल, डेविड मिलर, लियाम लिविंगस्टोन, दिनेश कार्तिक, राशिद खान, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और युजवेंद्र चहल।

व्यापारन्यूज

अप्रैल में गैर-खाद्य बैंक ऋण 11.3 प्रतिशत तक बढ़ा : आरबीआई

मुंबई । बैंकों का गैर-खाद्य ऋण अप्रैल 2022 में 11.3 प्रतिशत ब? गया। इससे पिछले वर्ष के इसी महीने में यह 4.7 प्रतिशत पर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से हाल ही में जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आरबीआई के माह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों को दिए गए ऋण ब्योरे के अनुसार कृषि और संबंधित गतिविधियों को दिये जाने वाले ऋण में अप्रैल के दौरान 10.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक साल पहले इसी माह में यह 10.7 प्रतिशत रही थी। इसके अलावा उद्योग क्षेत्र को दिया गया ऋण अप्रैल, 2022 में 8.1 प्रतिशत पर रहा जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 0.4 प्रतिशत की गिरावट हुई थी। आकार के लिहाज से मध्यम श्रेणी के उद्योगों को दिए गए कर्ज में अप्रैल 2022 के दौरान 53.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक साल पहले के इसी महीने में यह 44.8 प्रतिशत थी। वहीं व्यक्तिगत ऋण पिछले माह में 14.7 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 12.1 प्रतिशत बढ़ा था।

सोने और चांदी की कीमत में आई गिरावट

नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में नरमी की वजह से एमसीएक्स पर बुधवार को सोने की कीमत में 0.50 फीसदी की गिरावट आई और इसका भाव फिसलकर 50,838 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया। चांदी का भाव भी 1.22 फीसदी टूट गया और इसकी कीमत कम होकर 61,124 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

कॉमेक्स पर 10.25 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली । भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) ने कॉमेक्स टेक्नोलॉजी की तरफ से जारी ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसिप्ट (जीडीआर) में धोखाधड़ी से संबंधित मामले में कंपनी पर 10.25 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा सेबी ने इस मामले में आदि कूपर और किशोर हेगड़े पर पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी ने कहा ?कि कॉमेक्स और उसके निदेशकों ने अपने जीडीआर के जरिये आसानी से राशि जुटाने को लेकर इसे गिरवी रखने और ऋण समझौता करने की जानकारी छुपाकर और शेयर बाजारों को इसकी सूचना नहीं देकर भारतीय निवेशकों को गुमराह किया है। बाजार नियामक ने कहा कि इसके अलावा कॉमेक्स ने झूठी घोषणा की कि उसके जीडीआर को वास्तव में अभिदान मिला था जिससे निवेशकों के साथ धोखा हुआ।

एनएआरसीएल ने नटराजन सुंदर को सीईओ नियुक्त किया

नई दिल्ली । राष्ट्रीय संपत्ति पुर्नगठन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) ने नटराजन सुंदर को 6,000 करोड़ रुपए के बैड बैंक के पूर्णकालिक प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। केनरा बैंक के अगुवाई वाली कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल में दो स्वतंत्र निदेशक भी शामिल हुए हैं। इससे पहले सुंदर देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) के उप प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्त अधिकारी थे। वह 30 अप्रैल, 2022 को सेवानिवृत्त हुए। एनएआरसीएल ने कहा कि अप्रैल, 2022 में चयन समिति ने नटराजन सुंदर का साक्षात्कार लिया था। एनएआरसीएल बोर्ड ने इस पद के लिए सुंदर के नाम की सिफारिश की थी। जिसके बाद 24 मई, 2022 को बैंक नियामक आरबीआई ने उचित अनुमोदन प्रदान किया था। एनएआरसीएल ने इंडियन ओवरसीज बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ कर्णम सेकर को बोर्ड का स्वतंत्र निदेशक और गैर-कार्यकारी चेयरमैन भी नियुक्त किया है।

शेयर बाजार शुरुआती कारोबार में बढ़त पर खुला

सेंसेक्स 225 अंक चढ़ा, निफ्टी 16,649 पर

मुंबई । एशियाई बाजारों से मिले मिश्रित रुझानों के असर में बुधवार को घरेलू शेयर बाजार शुरुआती कारोबार में बढ़त के साथ खुले लेकिन जल्द ही बढ़त गंवा दी। तीस शेयरों वाला सूचकांक बीएसई सेंसेक्स कारोबार शुरू होते ही 225.05 अंक चढ़कर 55,791.49 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 64.65 अंक की बढ़त के साथ 16,649.20 अंक पर पहुंच गया। हालांकि थोड़ी ही देर में दोनों ही सूचकांकों ने अपनी यह शुरुआती बढ़त गंवा दी। सेंसेक्स पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 64.36 अंक के नुकसान के साथ 55,502.05 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी भी सिर्फ 2.20 अंक की मामूली बढ़त के साथ 16,586.75 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाइटन, मारुति और

महिंद्रा एंड महिंद्रा में बढ़त दर्ज की गई। वहीं डॉ रेड्डीज, सन फार्मा, पावर ग्रिड, विप्रो और अल्ट्राटेक सीमेंट नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को सेंसेक्स 359.33 अंक नुकसान के साथ 55,566.41 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 76.85 अंक गिरकर 16,584.55 अंक पर रहा था। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई और हांगकांग के सूचकांकों में गिरावट देखी जा रही है जबकि टोक्यो का सूचकांक बढ़त दर्शा रहा है। अमेरिकी शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही थी।

रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 77.57 पर खुला

मुंबई । वैश्विक बाजार में अमेरिका डॉलर के मुकाबले रुपया शुरुआती कारोबार में बुधवार को 14 पैसे की मजबूती के साथ 77.57 के भाव पर पहुंच गया। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 77.58 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और थोड़ी ही देर में 77.57 के भाव पर पहुंच गया। इस तरह पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले रुपए में 14 पैसे की मजबूती देखी गई। मंगलवार को रुपया 17 पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निम्न स्तर 77.71 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत बढ़त के साथ 101.92 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.96 प्रतिशत चढ़कर 122.84 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

सरकार को घरेलू उड़ानों के अधिकतम किराया सीमा बढ़ाने पर सोचना चाहिए: इंडिगो

नई दिल्ली । ईंधन की बढ़ती कीमतों को समस्या बताते हुए देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोनोजॉय दत्ता ने सरकार से घरेलू उड़ानों के किराए की अधिकतम सीमा बढ़ाने पर विचार करने का अनुरोध किया है। दत्ता ने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय को घरेलू उड़ानों के किराए पर लगाई गई अधिकतम सीमा को अब बढ़ाने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में विमान ईंधन के दामों में आई तेजी को देखते हुए मंत्रालय को इस बारे में विचार करना चाहिए। सरकार ने वर्ष 2020 में सख्त लॉकडाउन के बाद विमानन क्षेत्र को परिचालन की अनुमति देते समय किराए की अधिकतम एवं न्यूनतम सीमा तय कर दी थी। इंडिगो अब इसी सीमा को बढ़ाने की मांग कर रही है। इंडिगो अपनी सेवाओं का विस्तार यूरोप, अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया तक करना चाहती है और इसके मद्देनजर वह कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बिजनेस क्लास भी शुरू कर सकती है। इंडिगो की बड़े आकार वाले विमान खरीने की योजना है। इसके लिए ए321एक्सएलआर विमानों पर गौर किया जा रहा है। इनके वर्ष 2024 तक इंडिगो को मिल जाने की संभावना है। इंडिगो के पास फिलहाल 275 विमानों का बेड़ा है और वे सभी ए320निओस और ए321निओस श्रेणी के विमान हैं जिनमें सिर्फ इकॉनमी क्लास की सीटें ही हैं।

भारत का वस्त्र निर्यात अब तक का सबसे अधिक दर्ज किया

44 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का वस्त्र निर्यात किया

नइ दिल्ली । भारत ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में हस्तशिल्प सहित कपड़ा व परिधान (टीएंडए) में 44.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर निर्यात किया है। यह आंकड़ा का अब तक का सबसे अधिक है। इसमें वित्तीय वर्ष 2020-21 और वित्तीय वर्ष 2019-20 में संबंधित आंकड़ों की तुलना में क्रमशः 41 फीसदी और 26 फीसदी की पर्याप्त बढ़ोतरी का संकेत है। अमेरिका 27 फीसदी हिस्सेदारी के साथ सबसे अधिक निर्यात किया गया। इसके बाद यूरोपीय संघ (18 फीसदी), बांग्लादेश (12 फीसदी) और संयुक्त अरब अमीरात (6 फीसदी) का स्थान है। उत्पाद श्रेणियों के संदर्भ में, 2021-22 के दौरान क्रमशः 39 फीसदी हिस्सेदारी के साथ कपास वस्त्रों का निर्यात 17.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। इसमें वित्तीय वर्ष 2020-21 और वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में 54 फीसदी और 67 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गइ है। वहां, वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान रेडी-मेड गारमेंट्स का निर्यात 36 फीसदी हिस्सेदारी के साथ 16 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। यह वित्तीय वर्ष 2020-21 और वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में क्रमशः 31 फीसदी और 3 फीसदी की बढ़ोतरी को दर्शाता है। मानव निर्मित वस्त्र निर्यात 14 फीसदी हिस्सेदारी के साथ 6.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 और वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में 2021-22 के दौरान क्रमशः 51 फीसदी और 18 फीसदी की बढ़ोतरी को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प का निर्यात 5 फीसदी हिस्सेदारी के साथ 2.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। इसमें वित्तीय वर्ष 2020-21 और वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में क्रमशः 22 फीसदी और 16 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

कैंपस एक्टिववियर का मुनाफा चौथी तिमाही में बढ़कर 39.6 करोड़ हुआ

नई दिल्ली । कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड का मुनाफा मार्च 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में तीन गुना से अधिक बढ़कर 39.60 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कैंपस एक्टिववियर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस महीने की शुरुआत में बीएसई में सूचीबद्ध जूता बनाने वाली कंपनी का शुद्ध लाभ एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में 10.01 करोड़ रुपए था। कंपनी की परिचालन से होने वाली आय 28.07 प्रतिशत बढ़कर 352.33 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले समान तिमाही में 275.10 करोड़ रुपए थी। मार्च 2022 को समाप्त पूरे वित्त वर्ष में कैंपस एक्टिववियर का मुनाफा चार गुना बढ़कर 124.41 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी की परिचालन आय 1,194.18 करोड़ रुपए रही जो वित्त वर्ष 2020-21 के 711.28 करोड़ रुपए की परिचालन आय के मुकाबले 67.89 प्रतिशत अधिक है।

यूक्रेन संकट और जिंसों के दाम बढ़ने से कारोबारी माहौल चुनौतीपूर्ण : एचयूएल

नई दिल्ली । अग्रणी एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने कहा कि देश में महंगाई बढ़ने से दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाले एफएमसीजी उद्योग की वृद्धि दर गिरती जा रही है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि भू-राजनीतिक संकट और जिंसों के मूल्य में उछाल के कारण निकट भविष्य में कारोबारी माहौल चुनौतीपूर्ण बना रहेगा। हालांकि उन्होंने कहा कि कंपनी को पिछले कुछ वर्षों में अपनाई गई अपनी कारोबार रणनीति के दम पर इन चुनौतियों से पार पाने की उम्मीद है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उच्च मुद्रास्फीति के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ते एफएमसीजी बाजारों में से एक बना हुआ है। उन्होंने वित्त वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट के बारे में शेयरधारकों से कहा कि हाल के दिनों में उच्च मुद्रास्फीति के कारण उद्योग के वृद्धि दर में गिरावट आई है। इसके बावजूद देश के शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में एफएमसीजी उत्पादों की पहुंच वृद्धि में महत्वपूर्ण सधार का अवसर प्रदान करती है। मध्यम वर्ग में अधिक लोगों का प्रवेश, एक बड़ी कामकाजी आबादी, एकल परिवार की बढ़ती संख्या, शहरीकरण और प्रौद्योगिकी को तेजी से अपनाना देश में एफएमसीजी उद्योग की वृद्धि के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि भारतीय उपभोक्ता तेजी से बेहतर उत्पादों और ब्रांड का चयन कर रहे हैं जो लोगों के साथ-साथ कारोबारी परिवेश के लिए भी अच्छा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही दीपिका पादुकोण की तस्वीर, स्टाइल के मुरीद हुए फैंस

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के लिस्ट में आती है। जो अक्सर अपने स्टाइल और लुक्स को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। दीपिका पादुकोण के लुक्स और फैशन सेंस की लोग अक्सर तारीफ करते हुए नजर आते हैं। अब एक बार फिर से दीपिका पादुकोण ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसकी उनके चाहने वाले जमकर तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर शेयर की उसमें वो ब्लू कलर की ड्रेस में दिखाई दे रही है। अपनी इस तस्वीर को शेयर करते हुए दीपिका पादुकोण ने कैप्शन में लिखा कि, समर ऑलरेडी। दीपिका पादुकोण की ये तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। जिस पर उनके फैंस ने भी अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण की इस तस्वीर पर अब तक करीब 11 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं वहीं कई फैंस ने कमेंट करके उनकी खूबसूरती की तारीफ की है। अगर हम बात करें दीपिका पादुकोण के लुक की तो इसमे अभिनेत्री ने वन पीस ड्रेस के साथ लाइट ब्लू ओवर कोर्ट और ब्लू कलर की हाई हील्स के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया है। अगर बात करें दीपिका पादुकोण के काम की तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। जिसमे पठान शामिल है। इसके अलावा दीपिका पादुकोण प्रभास के साथ नाग अश्विन की एक फिल्म में नजर आएंगी।

संगीत वीडियो की तस्वीर ने राहुल वैद्य और दिशा परमार की शादी की खबरों को दी हवा

लोकप्रिय गायक राहुल वैद्य और अभिनेत्री एवं मॉडल दिशा परमार की शादी को लेकर कुछ समय से गपशप का दौर चल रहा है। इस जोड़ी ने जब शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें पोस्ट कीं तो उनके प्रशंसकों में उत्साह पैदा हो गया। यह पता चला है कि तस्वीर उनके नए संगीत वीडियो माधन्या से हैं। तस्वीरों में राहुल एक दूल्हे के गैटअप में तैयार हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि दिशा गुलाबी लहंगे में दुल्हन के रूप में शानदार लग रही हैं। उन्होंने हैवी ज्वैलरी के साथ लुक को पूरा किया है। उन्होंने तस्वीरों को कैप्शन देते हुए कहा, नई शुरूआत। शादी के कपड़ों में तस्वीर साझा करने और इसके कैप्शन में नई शुरूआत लिखे जाने के बाद तस्वीर एक घंटे से भी कम समय में ही 1.6 लाख से अधिक लाइक्स बटोर चुकी थी। कई प्रशंसक ऐसे भी रहे, जिन्होंने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि दोनों शादी के बंधन में बंध चुके हैं।

एक यूजर ने लिखा, शादी हो गई क्या?

अन्य यूजर ने लिखा, शादीशुदा जीवन मुबारक हो।

वहीं एक यूजर ने सवाल पूछते हुए कहा कि यह कब हुआ? राहुल वैद्य बिग बॉस 14 में लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुके हैं। इस सीजन के दौरान उनकी और दिशा परमार की लव स्टोरी काफी चर्चित रही। शो के दौरान उन्होंने दिशा को प्रपोज किया। दिशा ने बिग बॉस के घर आकर उनका प्रपोजल स्वीकार भी किया।

महिलाओं को सम्मानजनक स्थिति में नहीं दिखाने वाली कहानी का हिस्सा नहीं बनूंगी : अहाना कुमरा

अहाना कुमरा कहती हैं कि एक अभिनेत्री होने के नाते वह सिनेमा की शक्ति और प्रभाव को समझती हैं और यही कारण है कि वह कभी भी एक ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनना चाहती हैं, जो महिलाओं के सम्मानजनक चित्रण की पेशकश नहीं करती है। उन्होंने कहा, मैं एक अभिनेत्री के रूप में जानती हूं, मेरे पास लोगों को प्रभावित करने की शक्ति है और मैं इसका उपयोग सही दिशा में करना चाहती हूं। फिल्में समाज, विशेष रूप से युवा दिमागों पर भारी प्रभाव डाल सकती हैं। इसलिए, मैं कभी भी एक ऐसे प्रोजेक्ट के साथ जुड़ना नहीं चाहती, जिसमें महिलाओं को गलत इमेज के साथ दिखाया जाएगा। यह महत्वपूर्ण है और महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के बारे में बातचीत करने के लिए एक सही समय है। अहाना ने हाल ही में मधुर भंडारकर की फिल्म इंडिया लॉकडाउन की शूटिंग शेड्यूल को समाप्त किया है। वह अनुपम खेर के साथ आगामी लघु फिल्म हैप्पी बर्थडे में भी दिखाई देंगी।

ऐसा रोल चाहती हूं जो खूबसूरती पर नहीं एक्टिंग पर केंद्रित हो : एलनाज नौरोजी

जोया का किरदार निभा वेबसीरीज सेक्रेड गेम्स से अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री एलनाज नौरोजी को लगता है कि स्क्रिन पर उनका अभिनय कौशल उजागर होना चाहिए न कि यह कि वह कैसी दिखती हैं। वह जल्द ही आगामी फिल्म हैलो चार्ली में नजर आएंगी। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने इस फिल्म को करने के लिए सहमत होने से पहले इसी मापदंड को लागू किया। एलनाज ने बताया, मैंने हमेशा ऐसी भूमिकाओं की तलाश की है, जिनमें मेरे लिए अभिनय करने के लिए बहुत कुछ हो, न कि सिर्फ यह देखा जाए कि मैं कैसी दिखती हूं। यही कारण है कि मैंने जोया को अपने डेब्यू के लिए चुना। हैलो चार्ली में मेरा किरदार मोना का है। एक कलाकार के तौर पर मुझे लगता है कि आपको अलग-अलग चीजें करते रहना चाहिए। मुझे भारतीय संगीत और म्युज़िक वीडियो बहुत पसंद हैं। अभिनेत्री ने ये भी बताया कि एक्टिंग हमेशा उनका पहला प्यार होगा। एलनाज़ ने कहा, अभिनय मेरा नंबर 1 जुनून है। सेक्रेड गेम्स से पहले ये कोई नहीं जानता था कि मैं एक्टिंग कर सकती हूं। मेरा लक्ष्य पहले एक अभिनेत्री के तौर पर खुद को स्थापित करना था और फिर अपने डांसिंग स्किल्स को दिखाना था। लेकिन इसके अलावा म्युज़िक वीडियो भी स्टोरीटेलिंग का एक माध्यम है और इस गाने में मुझे अलग मंच पर एक्टिंग करने का मौका मिला जो कि रोमांचक है। एलनाज़ ने खुलासा किया कि वह हमेशा एक डांसर रही हैं। डांस के प्रति अपने प्यार को याद करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से डांस करने का शौक था। एक बच्चे के तौर पर, मुझे याद है कि मेरी चाची मुझे एक पारंपरिक पर्शियन डांस सिखाया करती थी। जब मैं जर्मनी गयी तो मैं नियमित रूप से डांस क्लासेस लिया करती थी। मुझे डांस करना बहुत पसंद है और मैं इसके लिए बहुत मेहनत करती हूँ।

कांग्रेस की राह कठिन

गुजरात के पूर्व कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने को लेकर बड़ा बयान दिया है। पटेल ने बताया है कि वह दो जून को भाजपा में शामिल होंगे। पटेल ने 18 मई को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। राज्य में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उनका यह कदम कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस से इस्तीफा देते वक्त हार्दिक पटेल पार्टी आलाकमान पर जमकर बरसे थे। उन्होंने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा सौंपा था। इस पत्र में उन्होंने पार्टी को लेकर कई बातें कही थीं। पटेल 2019 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्हें 11 जुलाई 2020 को गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि 2022 आते-आते उनका पार्टी से मोहभंग हो गया और इस्तीफा दे दिया। अपने त्यागपत्र में हार्दिक ने लिखा था कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ विरोध की राजनीति तक सीमित रह गई है जबकि देश के लोगों को विरोध नहीं बल्कि ऐसा विकल्प चाहिए जो उनके भविष्य के बारे में सोचता हो और हमारे देश को आगे ले जाने की क्षमता रखता हो। उन्होंने अपने त्यागपत्र में आगे लिखा था कि अयोध्या में राम मंदिर हो, सीएए-एनआरसी का मुद्दा हो, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना हो या जीएसटी लागू करने जैसे फैसले हों, देश लंबे समय से इनका समाधान चाहता था। लेकिन, कांग्रेस इसमें केवल बाधा बनने का काम करती रही। कांग्रेस का रुख केवल केंद्र का विरोध करने तक ही सीमित रहा। हार्दिक पटेल ने पाटीदारों के लिए आरक्षण की मांग को लेकर भाजपा को गुजरात में हिला दिया था। 2017 चुनाव में भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा था और खासकर पाटीदार वोटों के बीच कांग्रेस ने सेंधमारी की थी। कांग्रेस के 20 पाटीदार समाज के विधायक जीतकर आए थे। पाटीदार बहुल सौराष्ट्र की इन 54 सीटों पर 2017 के चुनाव में भाजपा को कांग्रेस से जबरदस्त टक्कर मिली थी। पाटीदार आंदोलन की वजह से कांग्रेस ने सौराष्ट्र की 54 में से 30 सीटों पर जीत मिली थी जबकि अ को 23 सीट मिली थी। गुजरात विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हार्दिक पटेल के कांग्रेस छोड़ने से पार्टी का मनोबल पर असर पड़ेगा और पाटीदार वोटों का खिसकने का खतरा तो बन ही गया है। राज्य में पाटीदार वोट भाजपा का कोर वोटबैंक माना जाता है और हार्दिक के जाने के बाद कांग्रेस में फिलहाल कोई बड़ा पाटीदार नेता नहीं बचा है। ऐसे में पाटीदार वोट बंटने का डर भाजपा को था, हार्दिक के कांग्रेस छोड़ने के बाद राहत मिली है। हालांकि, पाटीदार नेता नरेश पटेल के कांग्रेस में लिए जाने की चर्चा चल रही है, लेकिन अभी तक एंट्री नहीं हो पाई है। नरेश पटेल अगर कांग्रेस में शामिल होते हैं तो हार्दिक के पार्टी में जाने की कमी की भरपाई हो जाएगी। कांग्रेस कितना भरपाई कर पाएगी यह तो वक्त ही बताएगा? 2017 में कांग्रेस ने जिन तीन नेताओं के सहारे गुजरात में भाजपा को 100 सीटों के नीचे लाकर खड़ा कर दिया था, उसमें से हार्दिक और अल्पेश ठाकोर पार्टी छोड़ चुके हैं और सिर्फ जिग्नेश मेवाणी ही बचे हैं। गुजरात में भाजपा को घेरने के लिए इस बार कोई बड़ा चुनावी मुद्दा नहीं है। 2017 के चुनाव में पटेल आरक्षण और ऊना में दलितों के पिटाई सियासी मुद्दा बन गया था। गुजरात कांग्रेस में सबसे बड़ी समस्या लीडरशिप क्राइसिस की है, ऐसे में हार्दिक के पार्टी छोड़ने से एक और भी बड़ा झटका लगा। हार्दिक पटेल के सियासत में कदम रखने के बाद पाटीदारों के बीच उनकी लोकप्रियता कम हुई है। हार्दिक ने यह बात खुद कही थी कि राजनेता बनने के बाद समाज के साथ उनका संवाद कम हुआ है। हार्दिक के कांग्रेस छोड़ने की बात करें तो वे कांग्रेस को कोई फायदा नहीं दिला सके।

हिन्दू धर्म की वर्तमान चुनौती

ओमप्रकाश श्रीवास्तव

सामान्य रूप से यह माना जाता है कि धर्म का आधार आस्था और विश्वास है। इसलिए आधुनिक लोग धर्म को अंधविश्वास मान बैठते हैं वहीं आस्तिक लोग विवेक-बुद्धि का इस्तेमाल किये बगैर धर्म के नाम पर प्रत्येक कही-सुनी बात को मानकर परोक्ष रूप से इस बात को सिद्ध कर देते हैं कि धर्म तो अंधविश्वासों का पिटारा है। दोनों ही धर्म की समान रूप से हानि करते हैं और स्वयं भी धार्मिक जीवन के लाभों से वंचित हो जाते हैं।

हिन्दू धर्म के आधार, वेदों में धर्म को 'माना' नहीं जाता 'जाना' जाता है। कोई कहे और हम स्वीकार कर लें यह 'मानना' है पर किसी के कहे को हम अनुभव करें और अपना निष्कर्ष निकालें यह 'जानना' है। वेदों का धर्म प्रश्न से शुरू होता है, उत्तर के खोज की विधि का संकेत करता है पर खोजना तो हमें स्वयं पड़ता है। उदाहरण के लिए ऋग्वेद के नारदीय सूत्र में सृष्टि के उद्भव के प्रश्न दिये हैं। यह सृष्टि कहाँ से आई, कैसे बनी, इसका कर्ता कौन है, वह कहाँ रहता है आदि-आदि। इसने मनुष्य को विचार करने पर विवश किया। यह भविष्य के विचारों और अनुभूतियों के लिए अपार संभावनाएँ छोड़ता है। तुलसीदासजी ने सम्पूर्ण जगत को किसी के कहने से सीयराममय नहीं मान लिया उन्होंने उसका अनुभव किया तब लिखा - सीय राममय सब जग जानी । करउँ प्रणाम जोरि जुग पानी ।। यदि तुलसीदास जी 'जानी' की जगह 'मानी' लिख देते तो धर्म का तत्त्व ही नष्ट हो जाता। राजा हरिश्चंद्र की सत्यप्रियता, कर्ण की दानवीरता, भीष्म की वचनबद्धता, राम के आदर्श की कथाएँ सुनाकर सामान्य लोगों में जीवनमूल्य स्थापित किये जाते थे ताकि वे इनका पालन कर स्वयं 'जान' सकें। सारी गीता सुनाकर श्रीकृष्ण ने अर्जुन से यह नहीं कहा कि मेरी बात मान लो वरन् कहा कि - यथैच्छसि तथा कुरु ।

हमारी संस्कृति में ऋषि होते थे जिन्होंने सत्य को अनुभूत करके वेदों के रूप में प्रस्तुत किया और फिर वेदों के सत्य की सरल व्याख्या करने और उसे जीवन में क्रियान्वित करने के लिए स्मृति, पुराण, इतिहास ग्रंथ आदि रचे। दूसरी श्रेणी विद्वान और पंडितों की थी जो इन शास्त्रों का पठन-पाठन करके, शस्त्रार्थ करके, धार्मिक कर्म और परंपराओं के माध्यम से इस सत्य को आम जनता तक ले जाते थे। यह बौद्धिक लोग थे, बुद्धि का प्रयोग करते थे परंतु उस स्तर के नहीं थे कि ऋषियों की तरह स्वयं सत्य अनुभूत कर सकें। तीसरी श्रेणी उन लोगों की थी जो पुराणों, महाभारत और रामायण जैसे ग्रंथों की कथाएँ, भजन आदि सुनाकर गाँवों से भिक्षा माँगकर जीवन यापन करते थे। सामान्यतः यह गृहस्थ होते थे, न यह बौद्धिक थे और न ही इनका स्वयं का कोई अनुभव था, यह मात्र कथावाचक थे। यह भी समाज के काम के थे क्योंकि इनकी कथाएँ सरल शब्दों में समाज में जीवन मूल्य प्रसारित करती थीं।

आज समाज ऋषि, विद्वान और कथावाचकों में अंतर नहीं समझ पा रहा है। ऋषि तो वैसे भी विरले हैं। गीता कहती है कि हजारों मनुष्यों में कोई एक सिद्ध होने के लिए प्रयास करता है और उनमें से कोई एक ईश्वर को वास्तव में जान पाता है - मुनष्याणां सहस्रेषु कश्चिद् यतति सिद्धये, 7.3। उन्हें पहचान पाना तो और भी दुष्कर कार्य है। विद्वानों का काम एकेमेडिक स्वरूप का है प्रायोगिक स्वरूप का नहीं। अब बचे कथावाचक। इनके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। परंतु इनमे गिने-चुने प्रमाणिक लोगों को छोड़ दें तो शेष पर तुलसीदास जी की यह भविष्यवाणी सही बैठती है कि कलियुग में तो - 'पंडित सोइ जो गाल बजावा', 'मिथ्यारंभ दंभ रत जोई । ता कहुँ संत कहइ सब कोई' और 'जाकें नख अरु जटा विसाला। सोइ तापस प्रसिद्ध कलिकाला' आदि।

बड़ा प्रचार तंत्र, भड़कीली पोशाकें, शानदार पांडाल, टीवी चैनलों पर सीधा प्रसारण जैसे आडंबर तो फिर भी सहन किये जा सकते हैं पर विडम्बना यह है कि हिंदू धर्म को उसके मूल सिद्धांतों से हटकर प्रचारित किया जा रहा है। ऐसे कथावाचक 'जानने' की बात ही नहीं

करते वह जो भी ऊटपटाँग कह रहे हैं उसे 'मान' लेने का आग्रह करते हैं। एक उदाहरण लें। हिंदू धर्म का मूल है कर्म का सिद्धांत। तुलसीदासजी ने कहा है - 'करम प्रधान बिस्व करि राखा। जो जस करइ सो तस फलु चाखा'। गीता भी कहती है कि हम कर्म करने में स्वतंत्र हैं पर कर्म का फल तो नियम से मिलेगा ही, उसे बदलने की स्वतंत्रता नहीं है (कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, 2.47) । बिना कर्म करे एक क्षण भी नहीं रहा जा सकता (न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्, 3.5) यह कर्मफल भोगने के लिए ही जीव को पुनर्जन्म लेना पड़ता है। कर्म तो बीज है जो बो दिया तो उसका वृक्ष बनना है और फल लगना है। जब भविष्य में यह फल मिलता है तो उसे भाग्य कहते हैं। इस प्रकार कर्म पर ही पुनर्जन्म और भाग्य आधारित हैं। गीता कहती है हम स्वयं ही अपने मित्र हैं और स्वयं ही अपने शत्रु, हमारी उन्नति या अवनति हमारे ही हाथ है (उद्धरेद् आत्मनात्मानं नात्मानम् अवसादयेत्, 6.5)। ईश्वर न किसी को पाप देता है न पुण्य (नादत्ते कश्यचित् पापं न चैव सुकृतं विभुः, 5.15) हम जैसा करते हैं वैसा नियम से मिलता है। यदि हम नैतिक दृष्टि से भी देखें तो यह सिद्धांत व्यक्ति को प्रेरित करते है कि हम स्वयं जिम्मेदार बनें, वर्तमान में कितनी भी कठिनाइयाँ हों हम अच्छे कर्म करें ताकि हमारा भविष्य सुखद हो । समाज की भलाई के लिए इससे अच्छी बात भला क्या हो सकती है

अधिकतर लोग जीवन की समस्याओं का सरल समाधान चाहते हैं। वे कर्म और जिम्मेदारी से भागते हैं। इसलिए धर्म के ठेकेदार उन्हें सरल उपाय बताते हैं। एक कथावाचक कहते हैं बच्चा न पढ़े तो कोई बात नहीं शिवजी को बेलपत्र चढ़ा दे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो जाएगा। कोई रुद्राक्ष बाँट रहा है तो कोई नारियल। कोई अपने आश्रम में लगातार सात बार आने को कह रहा है। आम श्रद्धालु को बिना कुछ किये धरे अपनी समस्याओं का इससे आसान समाधान क्या मिलेगा। इसका परिणाम है नारियल और रुद्राक्ष बँटने में भगदड़ मच रही है, कथा में कई किलोमीटर का जाम लग रहा है। भगवान् की शरण लेना अच्छी बात है पर गीता पहले हृदय की दुर्बलता को त्याग कर पूरे पुरुषार्थ से कर्म करने को कहती है (क्षुद्रं हृदयदौर्बल्यं त्यक्तोत्तिष्ठ परंतप, 2.3) और जब पुरुषार्थ की सीमा हो जाती है तब ईश्वर की मदद के लिए शरणागत हो जाने का मंत्र देती है (मामेकं शरणं ब्रज, 18.66) । जब हम बच्चों को पढ़ाई का पुरुषार्थ करने की जगह शुरु से ही शरणागत होने का उपदेश देते हैं तो वह सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध हो जाता है। अब एक प्रश्न रह जाता है लोगों को इनके पास जाने से कुछ लाभ तो होता होगा तभी तो इतनी भीड़ जा रही है निश्चित ही कुछ लोगों की समस्याओं का समाधान होता है परन्तु महत्वपूर्ण यह है कि वे न भी जाते तब भी कुछ का समाधान तो होना ही था। हर प्रारब्ध अपना भोग कराकर शांत हो जाता है। आज आप परेशान हैं तो वह परेशानी समय के साथ समाप्त होगी ही। यदि कोई 100 विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने के लिए टोटके बताता है तो उनमें से 50 तो वैसे भी उत्तीर्ण होना ही थे । यह 50 उस टोटके का आगे प्रचार करते हैं और शेष 50 अपना भाग्य समझ कर चुप रह जाते हैं। इस प्रकार समाज में अंधविश्वास बढ़ता है। इसके स्थान पर यदि उन्हें कर्म के नियम पर विश्वास करके पुरुषार्थ करने और सम्पूर्ण प्रयास के बाद ईश्वर की शरणागति की बात बताई जाती तो इन 100 में से पूरे 100 उत्तीर्ण हो जाते परंतु तब गीता के अनुसार आप ही अपनी प्रगति के जिम्मेदार होते।

समानता का संदेश

पैगंबर मोहम्मद साहब ने मक्का विजय के बाद एक नीग्रो गुलाम बिलाल को पवित्र काबा की छत पर चढ़कर नमाज के लिए अजान देने का हुक्म दिया। बिलाल ने कुछ ही समय पहले इस्लाम अपनाया था। जब वह पवित्र काबा की छत पर चढ़ा तो कुछ कुलीन अरब नागरिक चिल्लाकर बोले, %ओह! बुरा हो उसका, वह काला हब्शी अजान के लिए पाक काबा की छत पर चढ़ गया। अश्वेतों के प्रति यह पूर्वाग्रह देख पैगंबर मोहम्मद साहब परेशान हो गए। उन्होंने कहा, %ऐ लोगो! यह याद रखो कि सारी मानव जाति केवल दो श्रेणियों में बंटी है। पहली धर्मनिष्ठ, खुदा से डरने वाली, जो खुदा की दृष्टि में सम्मानित है। दूसरी जो उल्लंघनकारी, अत्याचारी, अपराधी, निर्दयी और कठोर है, जो खुदा की नजर में गिरी हुई है। संसार के सभी लोग एक ही आदमी की औलाद हैं। अल्लाह ने आदम को मिट्टी से पैदा किया था। इसकी सत्यता का प्रमाण पवित्र कुरआन में इन शब्दों में दिया गया है ऱ्ऐ लोगो! हमने तुमको एक मर्द और एक औरत से पैदा किया और तुम्हारी विभिन्न जातियां और वंश बनाए, ताकि तुम एक दूसरे को पहचानो। असल में अल्लाह की निगाह में तुममें सबसे अधिक सम्मानित वह है, जो अल्लाह से सबसे ज्यादा डरने वाला है। अल्लाह पूरी तरह खबर रखने वाला है। मोहम्मद साहब ने अपने अनुयायियों को हमेशा रूप-रंग, जाति-नस्ल, ऊंच-नीच या किसी भी किस्म के भेदभाव से दूर रहने को कहा। इन उपदेशों से अरब प्रभावित हुए और उन्होंने उनका पूरी तरह पालन किया। उन्होंने इस्लाम अपनाने वाले गुलाम नीग्रो लोगों से अपनी बेटियां ब्याह कर उनसे सम्मानजनक संबंध बनाए।

(2 जून महाराणा प्रताप जयंती) महाराणा प्रताप की मृत्यु पर अकबर भी रोया था

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

मेवाड़ के महान हिन्दू शासक महाराणा प्रताप के बारे में खास बातें

चित्तौड़ के साहसी और प्रख्यात शासन की जयंती के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप जयंती मनाई जाती है। वह एक महान योद्धा, राजस्थान का गौरव, एक दुर्जेय शक्ति था। वह मेवाड़ के शासक राणा उदय सिंह द्वितीय के पुत्र थे। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 को कुंभलगढ़ दुर्ग (पाली) में हुआ था। लेकिन राजस्थान में राजपूत समाज का एक बड़ा तबका उनका जन्मदिन हिन्दू तिथि के हिसाब से मनाता है। महाराणा प्रताप ने अपनी मां से ही युद्ध कौशल सीखा था। देश के इतिहास में दर्ज हल्दीघाटी का युद्ध आज भी पढ़ा जाता है। राजा महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच लड़ा गया ये युद्ध बहुत ही विनाशकारी था।

1- महाराणा प्रताप का जन्म महाराजा उदयसिंह एवं माता राणी जीवत कंवर के घर में हुआ था। उन्हें बचपन और युवावस्था में कीका नाम से भी पुकारा जाता था। ये नाम उन्हें भीलों से मिला था जिनकी संगत में उन्होंने शुरुआती दिन बिताए थे। भीलों की बोली में कीका का अर्थ होता है - %बेटा%।

2- महाराणा प्रताप के पास चेतक नाम का एक घोड़ा था जो उन्हें सबसे प्रिय था। प्रताप की वीरता की कहानियों में चेतक का अपना स्थान है। उसकी फुर्ती, रफ्तार और बहादुरी की कई लड़ाइयां जीतने में अहम भूमिका रही। हल्दीघाटी युद्ध में उसे भी गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई।

3- 1582 में दिवेर के युद्ध में राणा प्रताप ने उन क्षेत्रों पर फिर से कब्जा जमा लिया था जो कभी मुगलों के हाथों गंवा दिए थे। कर्नल जेम्स टॉ ने मुगलों के साथ हुए इस युद्ध को मेवाड़ का मैराथन कहा था। 1585 तक लंबे संघर्ष के बाद वह मेवाड़ को मुक्त करने में सफल रहे। महाराणा प्रताप जब गद्दी पर बैठे थे, उस समय जितनी मेवाड़ भूमि पर उनका अधिकार था, पूर्ण रूप से उतनी भूमि अब उनके अधीन थी।

4- वैसे तो महाराणा प्रताप ने मुगलों से कई लड़ाइयां लड़ीं लेकिन सबसे ऐतिहासिक लड़ाई थी- हल्दीघाटी का युद्ध जिसमें उनका

मानसिंह के नेतृत्व वाली अकबर की विशाल सेना से आमना-सामना हुआ। 1576 में हुए इस जबरदस्त युद्ध में करीब 20 हजार सैनिकों के साथ महाराणा प्रताप ने 80 हजार मुगल सैनिकों का सामना किया। यह मध्यकालीन भारतीय इतिहास का सबसे चर्चित युद्ध है। इस युद्ध में प्रताप का घोड़ा चेतक जख्मी हो गया था। इस युद्ध के बाद मेवाड़, चित्तौड़, गोगुंडा, कुंभलगढ़ और उदयपुर पर मुगलों का कब्जा हो गया था। अधिकांश राजपूत राजा मुगलों के अधीन हो गए लेकिन महाराणा ने कभी भी स्वाभिमान को नहीं छोड़ा। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया।

5- 1596 में शिकार खेलते समय उन्हें चोट लगी जिससे वह कभी उबर नहीं पाए। 19 जनवरी 1597 को सिर्फ 57 वर्ष आयु में चावड़ में उनका देहांत हो गया।

6- महाराणा प्रताप के भाले का वजन कुल 81 किलो था, साथ ही उनके छाती का कवच 72 किलो का था। भाला, कवच, ढाल और दो तलवारों के साथ उनके अस्त्र और शस्त्रों का वजन 208 किलो था।

7- हल्दीघाटी युद्ध के दौरान जब मुगल सेना महाराणा के पीछे पड़ी थी, तब चेतक ने राणा को अपनी पीठ पर बिठाकर, कई फीट लंबे नाले को छलांग लगा कर पार किया था। आज भी हल्दी घाटी में चेतक की समाधि बनी हुई है। दिल्ली में मुगल शासक अकबर का राज था और अकबर सभी राजपूत राजाओं अपने अधीन करना चाहता। उस समय केवल महाराणा प्रताप ही ऐसे राजा थे जिन्होंनें अकबर की गुलामी करने से इंकार कर दिया। प्रताप की तरह ही उनका घोड़े चेतक की बहादुरी की चर्चा भारतीय इतिहास में होती है। चेतक के बारे मे वीर रस की कविता %चेतक की वीरता% में बखूबी बताया गया है। युद्ध के दौरान चेतक उन्हे पीठ पर लाद कर 26 फुट लंबे नाले को लाँघ गया था जिसे कोई मुगल घुड़सवार पार नहीं कर पाया था। मुगल शासक अकबर कभी भी महाराणा प्रताप को अपने अधीन नहीं कर पाया और जब 57 वर्ष की उम्र में 29 जनवरी, 1597 को अपनी राजधानी चावंड मे धनुष की डोर खींचते वक्त आँत में चोट लगने के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

हिन्दू राष्ट्र के नाम पर समाज विभाजक एजेण्डा?

सूडोकु नवताल- 6089

★★★★☆ मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6088 का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	6	9	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	9	8	6
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2

तनवीर जाफ़री

भारत में सक्रिय हिंदूवादी संगठनों द्वारा कभी हिन्दू राष्ट्र निर्माण तो कभी अखंड भारत की संकल्पना प्रायः की जाती रही हैं। आज के ऐसे दौर में जब कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार मंहगाई और बेरोज़गारी अपने चरमोत्कर्ष पर हो, इसी तरह के नारों से आम लोगों का ध्यान भटकाकर देश में बहुसंख्यवादी राजनीति की आड़ में सत्ता संरक्षण में एक बहुत बड़ा गिरोह सक्रिय हो कर लोगों को हिन्दू राष्ट्र निर्माण और अखंड भारत के सपने दिखाकर देश में अस्थिरता का वातावरण पैदा कर रहा है। अफ़सोस तो यह कि इस मिशन में राजनेताओं,धर्मगुरुओं से लेकर टी वी चैनल्स तक के स्वामी व पत्रकार खुलकर अपनी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। भूख,ग़रीबी और मंहगाई से जूझ रहे प्रकृतिक रूप से उदारवादी स्वभाव रखने वाले हिन्दू भाइयों को चार चार बच्चे पैदा करने,घरों में हथियार रखने,मुसलमानों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष छेड़ने,मुसलमानों का व्यवसायिक बायकॉट करने,उनके धार्मिक व सामाजिक मामलों में दखलअंदाज़ी कर उन्हें उत्तेजित करने व चिढ़ाने जैसे प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। और इस तरह की असंवैधानिक बातों पर अब देश के अनेक क्षेत्रों के लोग भी खुलकर अपनी नाराज़गी का इज़हार करने लगे हैं।

पिछले दिनों अंबाला में सांप्रदायिकता फैलाने के लिये बदनाम हो चुके एक टी वी चैनल के प्रमुख ने समान नागरिक संहिता पर परिचर्चा के

नाम पर कुछ हिंदूवादियों की भीड़ इकट्ठी की। ज़ाहिर है इसमें इकट्ठे हुये अधिकांश लोग राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, भाजपा, विश्व हिन्दू परिषद् तथा इससे जुड़े अन्य संगठनों के सदस्य ही थे। इस में अंबाला शहर के स्थानीय विधायक जो कि भाजपा के ही हैं उन्होंने भी शिरकत की। यह आयोजन चर्चा का विषय इसलिये बन गया कि उन्मादी बातें करने में माहिर टी वी चैनल प्रमुख ने इस आयोजन में मौजूद लोगों को हिन्दू राष्ट्र बनाने के एक शपथ दिलाई। इस शपथ की भाषा पूरी तरह उत्तेजनात्मक व ग़ैर संवैधानिक तो थी है साथ ही भारतीय संविधान के अंतर्गत विधान सभा सदस्य के रूप में शपथ लेने वाले किसी विधायक के लिये तो बिल्कुल ही अनावश्यक व असंवैधानिक भी थी । टी वी प्रमुख व विधायक के साथ साथ शपथ लेने वाले सभी लोग अपने हाथ उठाकर कह रहे थे कि -%हम हिंदुस्तान को हिंदू राष्ट्र बनाने और इसे हिंदू राष्ट्र बनाए रखने को प्रतिबद्ध हैं। अगर आवश्यकता पड़ी तो हम बलिदान देंगे या आवश्यकता पड़ी तो लेंगे। लेकिन हम देश को किसी भी क़ीमत पर हिंदू राष्ट्र घोषित करेंगे। हमारे पूर्वज और ईश्वर हमें हमारा लक्ष्य पाने की शक्ति दें। इसके पश्चात् हिंदू राष्ट्र के समर्थन में नारे लगाए गए जिसमें विधायक को भी सभागार में मौजूद अन्य लोगों के साथ दोनों हाथ ऊपर करके नारे लगाते देखा गया।

ग़ौरतलब है कि जिस जगह यह आयोजन हो रहा था वह स्थान हरियाणा-पंजाब सीमा से मात्र डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अभी कुछ ही दिन पहले अंबाला का पड़ोसी पंजाब का ज़िला पटियाला ख़ालिस्तान समर्थक व ख़ालिस्तान विरोधियों के बीच हुई झड़प का केंद्र बना था। उस घटना के अभी एक सप्ताह भी नहीं बीते थे कि टी वी प्रमुख के भेस में पूरे देश में बेलगाम घूमता फिर रहा यह व्यक्ति अंबाला आकर यहां का शांतिपूर्ण वातावरण प्रदूषित करने की पूरी कोशिश कर गया। उसके द्वारा दिलाई गयी हिन्दू राष्ट्र की शपथ व उसमें स्थानीय भाजपा विधायक की मौजूदगी के बाद अंबाला के सिख समाज में तीखी प्रतिक्रिया हुई। शहर की कई संस्थाओं ने विधायक के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा मंजी साहब में अनेक प्रमुख सिख नेताओं सहित अन्य सभी धर्मों के लोगों ने भी इकठ्ठा होकर इस आयोजन विशेषकर विधायक द्वारा हिन्दू राष्ट्र की शपथ लेने पर गहरा रोष जताया। सिख समाज द्वारा बुलाई गयी बैठक में कई वक्ताओं ने कहा कि विधायक का इस प्रकार शपथ लेना क़तई उचित नहीं है।

समान नागरिक संहिता मुस्लिम महिलाओं के लिए सम्मानजनक कानून है

डॉ. सौरभ मालवीय

समान नागरिक संहिता को लेकर देशभर में एक बार फिर से बहस जारी है। देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की बात बार-बार उठती रही है, परन्तु इस पर विवाद होने के पश्चात यह मामला दबकर रह जाता है। किन्तु जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की वापसी हुई है, तब से यह मामला फिर से चर्चा में है। जहां भाजपा इसे देशभर में लागू करना चाहती है, वहीं मुस्लिम संगठन इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुस्लिम समाज में विवाह कानूनों को लेकर ब्रिटिश शासनकाल से ही विवाद होता रहा है, क्योंकि मुसलमानों में बहु पत्नी प्रथा का चलन है। शरीयत के अनुसार पुरुषों को चार विवाह करने का अधिकार है। ऐसी स्थिति में मुस्लिम समाज में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय होगी, यह सर्वविदित है। पति जब चाहे पत्नी को तीन तलाक कहकर घर से निकाल देता है। ऐसी स्थिति में महिला का जीवन नारकीय बन जाता है। शाह बानो प्रकरण ने लोगों का ध्यान इस ओर खींचा था। वर्ष 1978 में शाह बानो नाम की वृद्धा को उसके पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। उसके पांच बच्चे थे। पीड़ित महिला के पास जीविकोपार्जन का कोई साधन नहीं था। उसके पति ने उसे गुजारा भत्ता देने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। इस पर महिला ने न्यायालय का द्वार खटखटाया। इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचने में सात वर्ष लग गए। वर्ष 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने उसके पति को निर्देश दिया कि वह अपनी तलाकशुदा पत्नी को जीविकोपार्जन के लिए मासिक भत्ता दे। न्यायालय ने यह निर्णय अपराध दंड संहिता की धारा-125 के अंतर्गत लिया था। विदित रहे कि अपराध दंड संहिता की यह धारा सब लोगों पर लागू होती है चाहे वे किसी भी धर्म, जाति या संप्रदाय से संबंध रखते हों। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से मुस्लिम महिलाओं की स्थिति बेहतर हो जाती, परन्तु कट्टरपंथियों को यह सहन नहीं हुआ और उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय का कड़ा विरोध किया। उन्होंने ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड नाम की एक संस्था का गठन किया तथा सरकार को देशभर में आन्दोलन करने की चेतावनी दे डाली। परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कट्टरपंथियों के आगे झुक गए था तथा उनकी सरकार ने 1986 में संसद में कानून बनाकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया।

नोडल अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ कार्य को संपादित करें: कलेक्टर

लापरवाही पर डीपीसी का 7 दिन का वेतन, डीईओ का 3 दिन का वेतन कटेगा

मुरैना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन ने त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 के लिये लगाये गये नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में नोडल अधिकारी पूरी लगन के साथ कार्य पूर्ण करें। जो नोडल पूरी गंभीरता से चुनाव कार्य को नहीं करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। बैठक में मतदान केन्द्रों की सत्यापन रिपोर्ट डीपीसी श्री डीके शर्मा ने प्रस्तुत नहीं की। इस पर कलेक्टर ने गंभीर लापरवाही मानते हुये डीपीसी को कारण बताओ नोटिस और एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिये। इसके अलावा जिला शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये कि मतदान के भौतिक सत्यान रिपोर्ट आज राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी जानी थी, जिसे जिला शिक्षाधिकारी ने भी गंभीरता से नहीं लिया। कलेक्टर ने जिला शिक्षाधिकारी श्री सुभाष शर्मा का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि मतदान की निरीक्षण रिपोर्ट भेजनी थी, कहीं कोई बिल्डिंग क्षतिग्रस्त होने पर उसका मतदान केन्द्र परिवर्तन करने का प्रस्ताव भेजा जाता है, जिसे दोंनो अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया है। कलेक्टर ने कहा कि कितने पॉलिंग बूथ बनाये गये है, उन पॉलिंग बूथों पर पहुंच मार्ग सही है, मेन रोड से अंदर गली में कितने मतदान केन्द्र है, कितने मतदान केन्द्र मतदान कराने के सही स्थिति में है। यह रिपोर्ट देनी थी। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव कार्य में लगाये गये नोडल स्वयं एवं अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग लेकर कार्य को समय पर संपादित करें। चुनाव कार्य सभी के लिये सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जो नोडल अपने चुनाव संबंधी कार्यो को पूर्ण नहीं कर पाता है, उसके खिलाफ चुनाव नियम के तहत कार्यवाही होगी और जो अधिकारी चुनाव ड्यूटी से अभी भी छूट गये है, उन्हें भी तत्काल चुनाव संबंधी कार्य डिप्टी डीईओ सौंपे। कलेक्टर ने प्रत्येक नोडल से उनके कार्य एवं अभी तक की गई तैयारियों के संबंधी में विस्तार से पूछा तथा आगे की क्या रणनीति है, उसके बारे में भी अधिकारियों ने बताया। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एलके पाण्डेय सहित त्रि-स्तरीय पंचायत के लिये बनाये गये समस्त नोडल अधिकारी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी के निवासियों ने बिजली-पानी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

अम्बाह। मिडेला रोड पर बने प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में लगभग 2 वर्षों से बिजली पानी और सड़क की सुविधा नहीं है, इन्हीं मांगों को लेकर कॉलोनी के निवासी एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां पर एसडीएम राजीव समाधिया ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा को बुलाकर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान लोगों ने बताया कि बिजली और पानी की सुविधा ना होने के कारण प्रधानमंत्री आवास में रहने वाले लोग अपने मकानों को छोड़कर पुनः किराए के मकानों में रह रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। रहवासियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी से मांग करते हुए कहा कि उन्हें निःशुल्क पानी उपलब्ध कराया जाए, क्योंकि जो कर्मचारी पानी लेकर जाते हैं, वह पानी के बदले पैसे मांगते हैं। इस मौके पर उपयंत्री के के दीक्षित ने बताया कि विद्युत मंडल द्वारा सहयोग न करने के कारण कॉलोनी में लाइट की व्यवस्था नहीं हो पा रही है, जिसके बाद सभी लोग एकत्रित होकर विद्युत कंपनी के कार्यालय पर गए, वहां पर डीई के ना आने के कारण मौके पर मौजूद कंपनी के ए ई से बातचीत की किंतु उनके द्वारा समाधान पूर्वक जवाब न देने के कारण सभी रहवासी वापस लौट आए। प्रदर्शन में शामिल वीरेंद्र ने बताया कि जल्द ही सुनवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन करेंगे।

आर के मेमोरियल स्कूल व आवास पर आयकर टीम का छापा, करोड़ों की चोरी होने का अनुमान

स्कूल के अलावा तमाम कारोबार संचालित करता है स्कूल संचालक

मुरैना। नगर के वीआईपी रोड स्थित एक प्राइवेट स्कूल पर भोपाल एवं ग्वालियर से आई आयकर विभाग की टीम ने छापामार कार्यवाही की है, इसके साथ ही संचालक के घर पर भी रेड की गई है और वहां भी कागजात खंगाले जा रहे हैं। बताया जाता है कि स्कूल संचालक के

पिता पुलिस में एसआई हैं और अभी हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं। स्कूल संचालक के पास तमाम संपत्तियां बताई गई है तथा कई कारोबार भी उसके द्वारा किए जा रहे हैं। चर्चा है कि करोड़ों रुपए की आयकर चोरी का खुलासा देर रात या कल तक किया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीआईपी रोड पर संचालित आर के मेमोरियल स्कूल के घर एवं स्कूल पर आयकर टीम ने छापा मारा है, जिसमें 6 गाड़ियों में आयकर विभाग के अधिकारी आए हुए है। भोपाल एवं ग्वालियर से आई आयकर टीम ने आते ही स्कूल एवं घर पर रेड की और जो उपस्थित मिला उसे वहीं बैठा लिया तथा दस्तावेज खंगालने में जुट गई। बताया जाता हैं कि पारिवारिक विवाद के कारण यह मामला आयकर विभाग तक पहुंच गया और आयकर विभाग ने कार्यवाही को अंजाम दे डाला। सूत्र बताते हैं कि स्कूल संचालक के द्वारा कई कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है और राजस्थान में एक ट्रैक्टर एजेंसी, उत्तर प्रदेश में रेत खदान, ग्वालियर में बीएड कॉलेज तथा इंदौर में औद्योगिक इकाई संचालित होने के अलावा मुरैना में आधा दर्जन मकान, दो बड़े स्कूल के अलावा तमाम प्रॉपर्टी बताई जा रही है। गौरतलब है कि स्कूल संचालक के पिता जगदीश कुशवाह एसआई पुलिस हैं और अभी हाल ही में जिला पुलिस बल दतिया से सेवानिवृत्त हुए हैं। छापे के साथ भवन एवं स्कूल पर सशस्त्र पुलिस बल तैनात किया गया है तथा कार्रवाई चल रही है।

नगरीय निकाय आम निर्वाचन का कार्यक्रम जारी

मुरैना। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 के लिये निर्वाचन कार्यक्रम 1 जून बुधवार को मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कर दिया है। आयोग के अनुसार 11 जून को प्रातः 10:30 बजे से निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन और नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करना, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन होगा।

पुलिस की वर्दी में गांजे की तस्करी करने वाले दो तस्कर 7.50 लाख के गांजे के साथ गिरफ्तार

मुरैना/ कैलारस। चिन्नौनी थाना पुलिस ने बुधवार की सुबह पुलिस की वर्दी में एक सफेद रंग की स्कार्पियो में लाखों रुपए का गांजा भरकर ले जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है और उनके कब्जे से लगभग 7.50 लाख रुपए का गांजा बरामद कर एनडीपीसी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अशुतोष बागरी, अति. पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कैलारस संजय कोच्छा के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब, जुआ सट्टा तथा मादक पदार्थो के विशेष अभियान के अंतर्गत बुधवार की सुबह थाना प्रभारी चिन्नौनी अविनाश सिंह राठौड को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक सफेद रंग की नई स्कार्पियों एस - 11 गाडी, जिसमें बडी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा है। गाडी को उत्तर प्रदेश पुलिस

का एक आरक्षक चला रहा, जो पुलिस से बचने के लिये रात्रि के समय मुरैना तरफ से चिन्नौनी नहर की तरफ गई है, जो अभी तक वापस नही आई है यदि कार्यवाही की जावे को उसके पकडा जा सकता है। सूचना पर थाना प्रभारी चिन्नौनी उनि अविनाश सिंह राठौड द्वारा थाना चिन्नौनी पुलिस की टीम को तैयार कर मुखबिर द्वारा बताई गाडी की तलाश नहर की पट्टी पर की तो ग्राम तिंदोखर स्थित सिकरवार मार्केट के सामने उक्त गाडी खडी मिली। उक्त गाडी पर कार्यवाही करते हुये चिन्नौनी पुलिस द्वारा गाडी की पिछली सीट पर रखा 1 क्विंटल 25 किलो गांजा कीमत करीबन 7 लाख 50 हजार रूपये तथा एक नई स्कोर्पियों कार एस-11 कीमती 21 लाख रूपये तथा दो मोबाईल कीमती करीबन 40 हजार रूपये कुल कीमती करीबन मशरूका 29 लाख रूपये को जप्त कर ग्राम जखौदा तहसील बहादुरगढ जिला झझर हरियाणा के दो आरोपियों को गिरफ्तारी में सफलता प्राप्त की है। उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी पहने आरोपी से जब पुलिस की वर्दी के संबंध में पूछा तो उसके द्वारा बताया गया कि पुलिस को चमका देने के लिये अवैध गांजे को परिवहन करते समय यह वर्दी पहनते है।

वृद्ध महिला को कार में बिठाकर दिया ठगी की घटना को अंजाम

अंबाह। अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही ना होने के कारण ठगी करने वालों के हौसले बुलंद है। इसी क्रम में अपराधियों ने बुधवार को पोरसा चौराहे से बुर्जुग महिला को गाडी में बैठाकर उसके गहने उतारकर नकली जेवरात देकर महिला के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है। विदित हो कि इसी प्रकार एक और घटना पूर्व में भी अंजाम हो चुकी है, जिसमें पुलिस द्वारा अभी तक कोई खुलासा नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार पोरसा निवासी भागवती (65 वर्ष) पति श्रीराम कुशवाह

अपने मायके किला वार्ड नं 16 निवासी अशोक कुशवाह के यहां निमत्रण खाने आई हुई थी, जिसके बाद वह सुबह करीब 11 बजे अपने घर वापस जा रही थी, उसी दौरान बुर्जुग महिला अपने घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहीं थी, तभी दो अज्ञात लोग आए और बुर्जुग महिला से उन्हें अपनी गाडी में बैठाकर उनके घर पोरसा तक छोड़ने की बात कहकर उन्हें अपनी गाड़ी में बैठा लिया, जिसके बाद अज्ञात कार सवार ने आगे चैकिंग की बात कहकर बुर्जुग महिला के आभूषण उतरवाकर उन्हें एक लिफाफे में रख लिए, जिसके कुछ समय बाद ही बुर्जुग महिला को कार में सवार लोगों ने कुछ जरूरी कागज छूट जाने की वजह से वापस उन्हें अपने साथ लेकर चलने की बात कहकर उसे थरा गांव से थोड़ा आगे ले जाकर खुले में उतार दिया व एक अन्य लिफाफा बुर्जुग महिला को वापस दे दिया, जब बुर्जुग महिला ने लिफाफा खोला तो देखा कि लिफाफे में सभी जेवरात नकली है, तब तक वह लोग वहां से फरार हो चुके थे, बुर्जुग महिला भागवती ने बताया कि उसके साथ गाड़ी में एक अन्य महिला को भी पोरसा चौराहे से बैठाया था।



तम्बाकू मनुष्य जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा है: एसडीएम

बीएमओ जौरा द्वारा हरी झंडी दिखाकर नशा मुक्ति रथ को किया रवाना

मुरैना। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश वालेंटरी हेल्थ एसोसिएशन एवं मुरैना यूथ अकादमी संस्था द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से तम्बाकू नियंत्रण के लिए जागरूकता रथ बनाया गया, जिसे बीएमओ जौरा डॉ मनोज त्यागी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसके अलावा तंबाकू हमारे पर्यावरण के खतरा विषय पर एक सेमीनार का भी आयोजन किया गया, जिसमें जौरा एसडीएम विनोद सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। मुरैना यूथ अकादमी के संचालक संदीप सेंगर ने जानकारी देते हुए बताया कि तम्बाकू नियंत्रण के लिए यह जागरूकता रथ जिले और

विकासखंड स्तर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाएगा और तम्बाकू के दुष्परिणामों और तम्बाकू से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता बढाएगा। इस अवसर पर तंबाकू हमारे पर्यावरण के खतरा विषय पर एक सेमीनार का भी आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद विद्वानों ने बताया कि विश्व में 84 मेगाटन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्पादन के साथ, तंबाकू उद्योग जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुंचाता है। विश्व में हर साल तंबाकू उगाने के लिए लगभग 3.5 मिलियन हेक्टेयर भूमि नष्ट हो जाती है। खासकर विकासशील देशों में तंबाकू उगाने के लिए वनों की कटाई की जाती है, जिसके कारण मिट्टी का क्षरण होता है और फसलों को नुकसान होता है। तंबाकू के पर्यावरणीय प्रभाव हमारे ग्रह पर पहले से ही दुर्लभ संसाधनों और नाजुक पारिस्थितिक तंत्र पर अनावश्यक दबाव डालते हैं। यह भारत जैसे विकासशील देशों के लिए विशेष रूप से खतरनाक है, क्योंकि तंबाकू का अधिकांश उत्पादन विकासशील देशों में ही होता है।

बोलेरो लूटने वाले गुड्डा गुर्जर गैंग के 4 सहयोगी गिरफ्तार, 12 घंटे में पुलिस ने किया मामले को ट्रेस

मुरैना। रिठौरा थाना क्षेत्र के ग्वालियर बायपास हाईवे पर किराए से गाड़ी कर रास्ते में लूटने की घटना अंजाम देकर फरार हुए बदमाशों को पुलिस ने 12 घंटे की मेहनत के बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चार बदमाश गुड्डा गुर्जर गैंग के सहयोगी बताए गए हैं और गाड़ी लूटकर गुड्डा को लाने ले जाने के लिए यह वारदात अंजाम दी गई थी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने बताया कि 31 मई की शाम को चार बदमाश मुरैना से एक बोलेरो गाड़ी को जोरासी ग्वालियर जाने की बोल कर किराए पर लेकर आए और गाड़ी ग्वालियर बायपास हाईवे पर पहुंची तो बदमाशों ने ड्राइवर की कनपटी पर कट्टा लाकर वाहन को लूट लिया तथा ड्राइवर को बंधक बनाकर आगे रोड

किनारे फेंक दिया। इसके बाद ड्राइवर रिठौरा थाने पहुंचा तथा घटना की जानकारी दी, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्परता पूर्वक वाहन की तलाश की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूटी गई बोलेरो तिगरा की ओर जाती देखी गई ह। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल रिठौरा थाना प्रभारी संजय सिंह किरार को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। देर रात्रि को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तिघरा के पास से आरोपियों को बोलेरो सहित गिरफ्तार कर लिया एवं घटना में प्रयुक्त कट्टा एवं कारतूस बरामद किया। पकड़े गए बदमाश कुख्यात डकैत एवं 60 हजार रुपए के इनामी गुड्डा गुर्जर गैंग के सहयोगी बताए गए हैं, जिनमें अशोक गुर्जर, सचिन गुर्जर, रस्तम सिंह गुर्जर एवं एक नाबालिक शामिल है। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि गुड्डा गुर्जर ने अपने सहयोगियों से मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी के जंगल से कहीं बाहर जाने की इच्छा जाहिर की थी, जिसके लिए वाहन की आवश्यकता पड़ी और उन्होंने उक्त षड्यंत्र को अंजाम दे डाला। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा साइबर सेल प्रभारी सचिन पटेल, आरक्षक योगेंद्र सिंह, मंगल सिंह गुर्जर, दिलीप गुर्जर, संजीव अटल, नीरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों का सराहनीय सहयोग रहा।

विश्व तबाकू धूम्रपान निषेध दिवस पर कार्य शाला आयोजित कि गई

महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

ग्वालियर। श्री गहोई शिक्षा प्रसार समिति मिहोना भिंड द्वारा विश्व तंबाकू धूम्रपान निषेध दिवस पर दो जगह कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री आलोक बैंजामिन जी सीनियर काउंसलर वरिष्ठ समाज सेवी रहे इसी क्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही हश्री प्रगति सिंह सीनियर काउंसलर व श्रीमती राधा चौहान समाजसेवी व मुकेश पुस्पकार सोशल वर्कर एवं संस्था श्री गहाई शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता उपस्थित रहे एवं अन्य समाज सेवी उपस्थित रहे थे सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण हुआ उसके बाद युवाओं व बालको को धूम्रपान व नशा से होने वाली हानियो के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया का सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा नशे से होने वाली हानियों को विस्तार पूर्वक टीवी के माध्यम से चित्र को प्रदर्शित द्वारा समझाइश दी गई की नशे से होने वाली बीमारी जैसे कैंसर,मुंह का गलना ब नशे के आधी होना शराब पीना, गांजा,चरस, आदि से बचना चाहिए इसी क्रम दूसरे वक्ता के रूप में श्री प्रगति सिंह बताया की युवा भारत का भविष्य इनको पढ़ाई के नशे के अलावा किसी

अन्य नशे का आदि नहीं होना चाहिए जैसे मोबाइल का नशा सिगरेट दारू ब चरस का नशा से बचना चाहिए इस से हमारा शरीर खराब व हमारे शरीर के पार्ट खराब हो जाते है और जो काम करना बंद कर देते है जिससे हमारी जान भी जा सकती है उक्त क्रम में तीसरे वक्ता के रूप में श्रीमति राधा चौहान समाज सेवी ने बच्चों को बताया की नशे से हमारा परिवार मैं रोज लड़ाई झगड़ा होता है जिस से हमारा परिवार टूट जाता है हमारे समाज में हमारी इससे इज्जत भी कम होती है जिससे समाज के लोग हमें बुरी नजर से देखते हैं और यह कहते हैं कि देखो नसेलची जा रहा है और हमें नसेल्ची के नाम से संबोधित करते हैं जो ठीक नहीं है और सभी युवाओं को और बालकों को विश्व धूम्रपान निषेध से संबंधित सभी युवाओं को शपथ दिलाई गई कि आज से हम कोई लोग नशा नहीं करेंगे और ना ही अपने समाज में नशे को प्रभावी नहीं होने देंगे चौथे के वक्ता के रूप में श्री मुकेश पुष्कर वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा यह बताया गया कि भारत सरकार व हमारी राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है कि इस बुराई को नशे की आदत को समाज से अपने देश से अपने राज्य से इस महामारी को हर एक घर से और हर एक परिवार से और अपनी कॉलोनी से अपने गांव से अपने शहर से इस नशे की बुरी आदत को भगाना है और जो हमारे भारत का भविष्य है युवा उन्हें शासन की मुख्यधारा से जोड़ना है हमें अपने घर का अपने समाज का अपने राज्य का और अपने देश का वह अपने शहर का नाम रोशन करना है श्री गहोई शिक्षा प्रसार समिति मिहोना जिला भिंड के अध्यक्ष ने बताया कि जिन परिवारों की पालक पिता नशा करते हैं उनके घर में कलह होना स्वाभाविक है उनका मानसिक विकास शारीरिक विकास दोनों ही नहीं हो पाता वह घर नरक सामान हो जाता है व शराब पीने वाले लोगो की इज्जत समाज में भी नहीं होती इसी प्रकार किसी भी देश का भविष्य और देश की तरक्की देश के युवाओं पर टिकी होती है देश की युवा पीढ़ी अगर गलत रास्ते चले जाएं तो निश्चित तौर पर उनका जीवन अंधकार में चला जाएगा देश का युवा वर्ग को जिंदगी के हर पहलू को जीने की इच्छा होती है तो युवा वर्ग नशे की अपनी शान समझते हैं युवा वर्ग शराब गुटखा तंबाकू बीड़ी सिगरेट नशा करते हैं उनकी जश्न की पार्टी नशे के बगैर अधूरी है तो हमारे युवाओं को आज से प्रेरणा लेनी चाहिए कि हमें नशे से दूर रहना है और आज हम यह शपथ लेते हैं कि ना तो हम स्वम नशा करेंगे न ही अपने दोस्त सगे संबंधी को नशा नहीं करने देंगे और संस्था की तरफ से आए हुए अतिथियों व बच्चों के लिए स्वल्पाहार कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई है एवं बच्चो के हैंडबिल ब कीट दी गई है संस्था के अध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

गौसहायतार्थ राशि सुपुर्द

पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा

मैसूरु –पिंजरापोल सोसाइटी में संरक्षित गायों के चारे पानी की व्यवस्था हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया द्य सहयोगी जेठाराम व सुरेंद्र कुमार जणवा का माला पहनाकर शाल द्वारा सम्मान कर स्मृति चिह्न के रूप में गाय की तस्वीर भेंट की गई द्य इस अवसर पर राजस्थान विष्णु सेवा ट्रस्ट नवयुवक मंडल तथा महाराणा प्रताप राजपूत मंडल मैसूरु के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चांदावत,सदस्य गंगा सिंह बालावत,नरेंद्र सिंह देवड़ा,मनोहर सिंह,जेठाराम चौधरी, सुरेंद्र कुमार चौधरी,अमित जैन,पंकज चौधरी, गमनाराम,रामलाल जणवा सहित बड़ी संख्या में गौभक्त उपस्थित रहे द्य पिंजरापोल सोसायटी के अध्यक्ष सुमतिलाल पगारिया ने बताया कि मैसूरु गौशाला में 4 हजार पशुओं को पाला जा रहा हैं द्य कत्ल खाना में ले जाए जा रहे पशुओं को पुलिस द्वारा बरामद कर न्यायालय के आदेश के पश्चात सोसाइटी को सुपुर्द किए जाते हैं द्य गायों के चारे-पानी की बमुश्किल व्यवस्था की जा रही है द्य गौभक्तो से गायों के सहायतार्थ हेतु धन राशि देने की अपील की गई।

जल्द बढ़ सकते हैं बीयर की बोतल व कैन के दाम

भोपाल। महंगाई का झटका अब शराब के शौकीनों को लग सकता है। बीयर बनाने वाली कंपनियां इनकी कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। इस बार मार्च में ही जबरदस्त गर्मी पडऩे की वजह से बीयर की मांग में भी भारी इजाफा हुआ है। बीयर बनाने वाली कंपनियों का कहना है कि जौ की कीमतें पिछले तीन महीने में दोगुनी हो गई हैं। इसके अलावा बोतल क्राउन, लेबल और पैकिंग कार्टून के रेट भी पहले से 25 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। वहीं, ग्लास मेकर्स की ओर से बोतल की कीमतें 30 फीसदी तक बढ़ाई गई है। ऐसे में बीयर कंपनियों के पास दाम बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। यूबी ग्रुप और बी9 बेवरेजेस जैसी कई कंपनियां जल्द उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और कई राज्यों में बीयर की कीमतों में इजाफे की तैयारी कर रही है। शराब के दाम में अधिकतर शेयर राज्य सरकारों का टैक्स होता है। बीयर के बढ़ते दामों के बावजूद देश में पिछले दो साल में मांग में बड़ी तेजी देखी जा रही है। प्रीमियम बीयर की मांग और भी ज्यादा है।

अनिल गुर्जर ने किया दबोह थाने में उपनिरीक्षक का पदभार ग्रहण

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह–बीते रोज उपनिरीक्षकों की तबादला सूची जारी हुई थी जिसमे थाना बरासो में बतौर थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ रहे उपनिरीक्षक अनिल गुर्जर को दबोह उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है।जिसके चलते बुधवार को थाना दबोह पहुंचकर अनिल गुर्जर ने उपनिरीक्षक के पद पर पदभार ग्रहण किया।चार्ज लेने के बाद उन्होंने दबोह थाना स्टाफ से परिचय किया तदोपरांत पेंडिंग अपराधों पर स्टाफ से चर्चा की साथ ही पेंडिग सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें देखी और स्टाफ से जल्द से जल्द सीएम हेल्पलाइन की शिकायतो का निराकरण करने की बात कही।विदित रहे कि नगाबत उपनिरीक्षक अनिल गुर्जर तेजतर्रार उपनिरीक्षक के रूप में जाने जाते हैउपनिरीक्षक अनिल गुर्जर हमेशा अवैध हथियार व अपराधियों को पकड़ने के लिए चर्चित रहे हैं।यहां बताना मुनासिब होगा कि अनिल गुर्जर

इससे पहले भिण्ड जिले के थाना बरासो,आलमपुर,अमायन,ऊमरी व बरोही थाने में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और अब भिण्ड जिले के दबोह नगर में अपनी सेवाएं देंगे।उन्होने मीडिया से बातचीत में बताया कि क्षेत्र में पनप रहे अपराध व अवैध कारोबारो पर जल्द अंकुश लगाया जाएगा।

भौतिकवादी युग में जैन मिलन आज भी समाज सेवा में सबसे अग्रणी: चौधरी

गोरमी।जैन मिलन गोरमी दुआरा जैन मिलन महिला एवं जैन मिलन महिला बाहुबली का शपथ ग्रहण एवं धन्यवाद सभा का आयोजन नगर के आर के गार्डन में आयोजित किया गया कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण जैन गंगवाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाल चंद जैन राष्ट्रीय चैयरमेन राजीव जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश जैन बंटी क्षेत्रीय मंत्री अनीता जैन क्षेत्रीय उप मंत्री अनिल जैन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीतेश जैन क्षेत्रीय संयोजक रेखा जैन क्षेत्रीय संयोजक सुनील जैन आदि मंचासीन थे कार्यक्रम के प्रारंभ में शाखा अध्यक्ष संजीव जैन एवं शाखा मंत्री आशीष जैन ने उपस्थित अतिथियों का शाल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान दिया इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी ने कहा इस समाज सेवा के क्षेत्र में जैन मिलन की जितनी तारीफ की जाए कम है आज के भौतिकवादी युग में भी जैन मिलन गरीब असहाय एवं प्राणी मात्र की सेवा में हमेशा अग्रिणीरहता है मुझे बेहद खुशी है कि जैन मिलन की गोरमी शाखा ने समाज सेवा एवं वह दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित कर गोरमी का नाम राष्ट्रीय लेवल तक गौरवान्वित किया है समाज सेवा में जो परिवार आगे रहता है उनके घर का वातावरण एवं उनके बच्चों

के संस्कार भी अच्छे रहते हैं हम सबको अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर देना चाहिए इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण जैन गंगवाल ने कहा जैन मिलन हमेशा ये कोशिश करता है की समाज के शोषित पीड़ित वर्ग की हम मदद कैसे कर सकें और गोरमी जैन मिलन शाखा एवं महिला जैन मिलन शाखा ने सामाजिक क्षेत्र में सही रचनात्मक कार्य किए हैं इस अवसर पर जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश जैन बंटी ने जैन मिलन के सभी पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई एवं महिला जैन मिलन की महिला बहनों को क्षेत्रीय मंत्री अनीता जैन ने शपथ दिलाई सोनागिर में गोरमी शाखा दुआरा आयोजित क्षेत्रीय अधिवेशन की शानदार सफलता पर अतिथियों द्वारा गोरमी शाखा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जैन मिलन के क्षेत्र कोषाध्यक्ष कमलेश जैन द्वारा किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से राजकुमार जैन बीरेंद्र जैन विजय जैन बल्लू डॉ विजय जैन अरविंद जैन सीमा जैन खुशबू जैन मीरा जैन प्रिमिल जैन बबिता जैन जैन विनोद जैन अजीत बंटी जैन केके जैन धर्मेंद्र जैन संजीव जैन दद्दा अतुल जैन सचिन जैन अरविंद जैन प्रदीप जैन विवेक जैन चेतन जैन मोनू जैन आदि मौजूद थे द्य

पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग ली

अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलीं टुडे

शिवपुरी– पुलिस महा निरीक्षक श्री डी.श्रीनिवास वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा पुलिस कण्ट्रोल रूम शिवपुरी में सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ क्राईम मीटिंग ली, जिसमें जिले के समस्त एसडीओपी और थाना प्रभारी उपस्थित हुये। मीटिंग मे निम्न बिंदुओ पर शख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिय समस्त थाना प्रभारियों को लंबित अपराधों के निकाल हेतु निर्देश दिये । जिले में लंबित शिकायतों के निकाल हेतु एवं आवश्यक कार्यवाही के संबंध मे थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थाना प्रभारी लंबित शिकायतों पर कार्यवाही करें एवं उनका संतुष्टी पूर्वक निकाल कराना सुनिश्चित करेंगे । मीटिंग को दौरान थाना प्रभारियों एवं एसडीओपीयों को बताया गया कि केश डायरी का रखरखाव अच्छा हो व केश डायरी मे विवेचना प्लान आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे । माफियाओं व गुंडों को चिन्हित कर ज्यादा से ज्यादा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कराई जावे जिससे आगामी चुनावों को शांतिपूर्ण तरीके से कराया जा सके । सूचीबद्ध माफिया,गुंडेव हिस्ट्रीसीटरों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करेंगे । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र मे कानून व्यवस्था को अच्छे तरीके से बनाये रखने के सख्त निर्देश दिये कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था को भंग करता है तो उसकी जानकारी तुरंत बरिष्ठ अधिकारियों को दें एवं तुरंत कार्यवाही करेंगे ।सभी थाना प्रभारी फरियादी को गंभीरता पूर्वक सुनेंगे एवं तत्काल प्रभाव कार्यवाही करेंगे।क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस महा निरीक्षक ग्वालियर जोन एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों से उनके थाना की विभिन्न जानकारियां ली एवं अपराधों की समीक्षा की एवं सभी थाना प्रभारियों को अपराधों के प्रति तुरंत एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये । इस अवसर पर एस.डी.ओ.पी. कोलारस, शिवपुरी, पोहरी, पिछोर, करैरा, एजेके, रक्षित निरीक्षक शिवपुरी एवं थानों के थाना प्रभारी, सभी चौकी प्रभारी,कण्ट्रोल रूम प्रभारी उपस्थित रहे।

मापदंड पूरे होने पर ही मान्यता, ठगी करने पर मिलेगा दंड

भोपाल। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग ने यूनानी मेडिकल कालेजों की मान्यता के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। कालेजों के प्राचार्यों, डायरेक्टर और डीन को पत्र भेजकर कहा कि आयोग मान्यता पद्धति में किसी भी तरह की गड़बड़ी न की जाए। आयोग जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रहा है। आयुर्वेद महासम्मेलन व आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डा. राकेश पांडेय ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूनानी मेडिकल कालेजों को मान्यता दिलाने के नाम पर भ्रष्टाचार या ठगी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आयोग के सचिव डा. रघुराम भट्ट ने मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश समेत सभी राज्यों में संचालित आयुर्वेद, सिद्धा, सोवा-रिग्पा व यूनानी कालेजों को मापदंड पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि मान्यता मामले में भ्रष्टाचार की जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि देशभर में 500 से ज्यादा आयुर्वेद, सिद्धा, सोवा-रिग्पा व यूनानी मेडिकल कालेज संचालित हैं। जून के अंतिम सप्ताह से सत्र 2022.23 की मान्यता के लिए केंद्रीय केंद्रीय आयुष मंत्रालय के निर्देश पर एनसीआइएसएम कालेजों की निगरानी शुरू कर देगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज के कैंसर चिकित्सालय में मरीज परेशान हो रहे हैं। कई दिनों से कोबाल्ट मशीनें बंद पड़ी हैं। मशीनों में आई तकनीकी खामी को सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया जाता है कि कोबाल्ट मशीनों से कैंसर मरीजों को रेडिएशन दिया जाता है। जो बंद पड़ा है जिससे मरीजों की सेहत बिगड़ रही है। मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान चिकित्सा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यपरिषद की बैठक में कई निर्णय लिए गए। विश्वविद्यालय को नए भवन में स्थानांतरित करने, नई ठेका कंपनी को डिग्री व मार्कशीट छापने, कालेजों की संबद्धता पर चर्चा हुई। ठेका कंपनी ने फाइनल प्रजेंटेशन दिया था, जिसके बाद तय माना जा रहा था की कई माह से रुका यह कार्य जल्द पटरी पर आ जाएगा। इधर, एक सदस्य की आपत्ति के कारण वर्ष 2019-20, 2020-21 की संबद्धता का मामला फिर अटक गया। विश्वविद्यालय से प्रदेश के करीब 400 मेडिकल, नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेज संबद्ध हैं। परंतु करीब 35 कालेजों की संबद्धता को लेकर हर बैठक में पेंच फंस रहा है, जिसके चलते उक्त कालेजों के छात्र छात्राओं को भविष्य अधर में लटका है।

गरियाबंद - हीरा तस्करों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही, बाप बेटा 745 नग हीरे के साथ गिरफ्तार

त्रिलोकी तिवारी जिला ब्यूरो चीफ

गरियाबंद– जिले में पहली बार 745 नग हीरा कीमती लगभग 50 लाख रूपये दो आरोपी हीरा तस्करों से जप्त कर कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी शोभा को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि अवैध हीरा खदान पायलिखण्ड के हीरा को दो व्यक्ति बिक्री करने के नियत से, बहुमुल्य हीरा अपने पास रखकर स्लेटी रंग की स्कूटी क्रमांक ह्रष्ठ-22रू3038 में ग्राहक की तलाश में शोभा के रास्ते उडिसा जा रहे थे। जिसके संबंध में वरिष्ठ अधिकारिओं को अवगत कराकर। वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश में थाना शोभा एवं स्पेश टीम गठीत कर नाकाबंदी पाईन्ट लगाने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी शोभा द्वारा कुशियार बरछा कचना

धुरवा के पास नाकाबंदी पाईन्ट लगाया गया जो आने-जाने वाले वाहनों को मुखबीर के बताये गये हुलिये व वाहन को सघनता से चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान स्लेटी रंग की स्कूटी में सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर हड़बड़ा गये और भागने लगे, जिसे सजगता से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये दोनों व्यक्ति का नाम पुछने पर अपना नाम (1) खोकन ढली पिता नितई ढली उम्र 48 वर्ष (2) विप्लव ढली पिता खकन ढली उम्र 19 वर्ष साकिनान बारसुन्डी टोला थाना रायघर जिला नवरंगपुर (उडिसा) का निवासी होना बताये, जिनका तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 745 नग हीरा मिला। आरोपियों से पुछताछ करने पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नही किया।

आरोपियों के विरूद्ध थाना शोभा में अपराध क्रमांक 10/2022 धारा 379,34 भादवि, 4(21) माइनिंग एक्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से प्राप्त 745 नग हीरा, प्रयुक्त दोपहिया वाहन एवं मोबाईल को जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शोभा निरीक्षक जय सिहं ध्रुर्वे, प्रधान आरक्षक 92 पुरूषोत्तम यादव, आरक्षक 649 सोनालाल यादव, स्पेश टीम प्रआर. 321 अंगद राव वाघ, प्रआर.275 चुडामडी देवता, प्रआर.233 जय प्रकाश मिश्रा, आर.421 यादराम ध्रुव आरक्षक 395 हरीश साहू, आरक्षक 454 सुशील पाठक, आरक्षक 320 रवि सिन्हा का कार्य सराहनीय रहा। गरियाबंद जिले के पुलिस कप्तान श्री जे.आर. ठाकुर ने बताया कि जिले में तस्करों के खिलाफ एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है। पूर्व में भी माईनिंग एक्ट, वन्यप्राणी अधिनियम, नारकोटिक्स एक्ट, आबकारी अधिनियम के अंतर्गत लगातार कार्यवाही की गई है।

भारतीय किसान संघ द्वारा आयोजित स्वावलंबी भारत अभियान, प्रथम क्षेत्रीय द्वि दिवसीय कार्यशाला संपन्न

महेन्द्र शर्मा पुष्पांजली टुडे

उज्जैन। भगवान महांकाल की नगरी उज्जैन में, हमारे इस अभियान की प्रथम, क्षेत्रीय कार्यशाला 29-30 मई को संपन्न हुई। इस कार्यशाला के प्रथम दिन, कुल 6 सत्र थे, जिसमें प्रथम उद्घाटन तथा अंतिम रात्रि को प्रांतशः टोली बैठकों का था, मध्य क्षेत्र में चार प्रांत- मालवा, मध्य भारत, महाकौशल एवं छत्तीसगढ़ के आते हैं, इस कार्यशाला में सभी प्रांतों से 148 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए, अभियान में सम्मिलित हमारे सभी 11 संगठन तथा महाकौशल से विद्या भारती को मिलाकर कुल 12 संगठनों की उपस्थिति थी ।

उद्घाटन सत्र में ग्वालियर से पधारे संत श्री के आशीर्वचन के बाद, माननीय श्री दिनेश कुलकर्णी, अखिल भारतीय संगठन महामंत्री भारतीय किसान संघ, मुख्य वक्ता के रूप में रहे, पूर्व में विषय प्रतिपादन जितेंद्र गुप्त, अ.भा.सह समन्वयक द्वारा हुआ, इस सत्र में, अध्यक्षता- प्रथम पीढ़ी के उद्यमी- श्री लोकेंद्र जी, जिनका उज्जैन शहर में ही हेडक्वार्टर है और इनकी कंपनी 100 करोड़ का टर्नओवर कर रही है, बहुत ही प्रेरणादायक उद्बोधन रहा, इनका व्यापार भी कृषि क्षेत्र में ही है।

विभिन्न सत्रों में, अपनी संकल्पना अनुसार कुल 23 प्रकल्प दिखाए गए, साथ ही 4 तकनीकी अधिकारी- जिसमें श्री पी. नरहरि- उद्योग आयुक्त, मध्य प्रदेश शासन, श्री निरुपम मल्होत्रा - रीजनल महाप्रबंधक नाबार्ड, सहकारिता से- श्री सेंगर जी तथा जबलपुर कृषि

महाविद्यालय के, श्री सुनील नाहतकर उपस्थित थे।

रोजगार एवं स्वावलंबन को लेकर इन सत्रों में प्रभावी प्रस्तुति तथा प्रश्न- उत्तर हुए।

रात्रि के अंतिम सत्र में प्रांतशः बैठकों में अभियान को लेकर करणीय कार्य तथा जिलों में संगठनों की प्रभावी भूमिका के आधार पर जिम्मेदारी दी गई।

दूसरे दिन 3 सत्र थे, प्रथम दो सत्र, योजना के लिए थे, जिसमें संगठनशः उनकी रीति-नीति के अनुसार, अभियान हेतु करणीय कार्य एवं संगठनों में, पूर्णकालिकों की व्यवस्था को लेकर प्रस्तुति की गई तथा सभी चारों समन्वयकों द्वारा प्रांतों में कार्ययोजना रखी गई। इस सत्र में प्रमुख रूप से माननीय श्री प्रकाश चंद्र जी, अखिल भारतीय संगठन महामंत्री, लघु उद्योग भारती का उद्बोधन रहा। समापन के, पूर्व के, सत्र में माननीय श्रीकृष्ण गोपाल जी, सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का, तरंग माध्यम से मार्गदर्शन हुआ।

समापन सत्र में, संत श्री किशोर जी का आशीर्वचन एवं जिज्ञासा समाधान के साथ माननीय सतीश जी,अ.भा.सह संगठक, स्वदेशी जागरण मंच का प्रभावी उद्बोधन रहा। इस सत्र में अध्यक्षता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के, क्षेत्र संघचालक, माननीय अशोक जी सोहनी द्वारा की गई। आभार के बाद, कल्याण मंत्र के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

कुल 8 सामूहिक सत्रों में, सभी सम्मिलित संगठनों का प्रतिनिधित्व , कहीं सत्र संचालन या आभार के समय रहा। क्षेत्रीय कार्यशाला में, इस क्षेत्र में रहने वाले, केंद्रीय टोली के सदस्य, सहकार भारती के- श्री अशोक तेकाम जी, राष्ट्रीय सेवा भारती के- श्री विनोद बिरला जी, लघु उद्योग भारती के- श्री समीर जी मूंदड़ा जी तथा विश्व हिंदू परिषद के मध्य एवं पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी- श्री संजय जी धवलीकर, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रथम दिन के 4 सत्रों में अध्यक्षता के रूप में प्रतिष्ठित उद्यमियों का सानिध्य मिला

व्यवस्थाओं को लेकर भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने बहुत ही परिश्रम किया, बैठक स्थल के आसपास तथा मार्गों पर स्वावलंबी भारत अभियान के लोगो के साथ झंडी लगाई गई तथा परिसर में, हमारे इस अभियान के कुछ ध्येय वाक्यों का भी अच्छी तरह प्रदर्शन हुआ। 30 तारीख को सुबह, सामूहिक प्रार्थना के बाद भगवान महाकाल के दर्शन विशेष रुप से रहे। क्षेत्रीय कार्यशाला में लघु उद्योग भारती द्वारा एक प्रकल्प ÷क्लीनिंग सॉल्यूशन÷ का शुभारंभ भी किया गया।

थाना प्रभारी ने ली व्यापारियों की बैठक

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे

गोहद। गोहद चौराहा थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने व्यापारियों की बैठक लेते हुए समझाइश दी कि सभी दुकानदार अपनी दुकान के आगे वाहनों को ऐसे न लगवाए जिससे रोड जाम हो इसके लिए सभी दुकानदार भाई सहयोग करें यदि किसी भी दुकान के बाहर रोड पर वाहन खड़े हुए मिलते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी इसलिए कोई भी वाहन चालक रोड पर वाहन खड़ा करके मार्ग अवरुद्ध ना करें जिससे ट्रैफिक व्यवस्था में परेशानी आए साथ ही हाथ ठेला मजदूरों से भी समझाइश देते हुए कहा कि कोई भी हाथ ठेला लगाएं तो मार्ग अवरुद्ध ना होने दें और व्यवस्थित तरीके से लगाकर अपना व्यापार करें इस पर सभी व्यापारियों ने भी सहमति जताते हुए थाना प्रभारी का सहयोग करने के लिए कहा साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था में पुलिस का पूरा सहयोग करने के लिए भी बात कही इस अवसर पर नव नियुक्त थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा के द्वारा ली गई बैठक में लगभग एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने शामिल होकर ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने में पूरा सहयोग करने के लिए थाना प्रभारी को आश्वस्त किया और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया

जीएमसी में सीधी भर्ती से 21 उम्मीदवारों का चयन

भोपाल। गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) फैकल्टी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती और पदोन्नति से 21 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। इन उम्मीदवारों में सभी वे लोग शामिल है जो पहले से ही अस्पताल में सेवारत थे। मालूम हो कि जीएमसी भोपाल में फैकल्टी के 38 पद रिक्त थे जिनमें से 21 पद अब भर लिए गए है। इन पदों पर पहले से ही यहां पर काम करने वाले चिकित्सा शिक्षक की भर्ती की गई हैं। मेडिकल आंकोलाजिस्ट समेत कई पदों पर अभी नियुक्ति नहीं हो पाई है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि इन पदों के लिए तय योग्यता वाले उम्मीदवार नहीं मिले।बता दें कि नेशनल मेडिकल कमीशन ने एमबीबीएस की 250 सीटों के लिए मापदंड में कुछ बदलाव किए हैं। इसके अनुसार कुछ विभागों में फैकल्टी की विभिन्न स्तर के पद बढ़े हैं, तो कुछ विभागों में पद विलोपित भी कर दिए गए हैं।

बच्चों पर परीक्षा में अधिक अंक लाने के लिए दबाव नहीं डालें: राज्यपाल

भोपाल। परीक्षा के भय से बच्चे परेशान रहते हैं। अभिभावकों को भी बच्चों पर दबाव नहीं डालना चाहिए। घर में अभिभावक भी बच्चों पर ध्यान दें, क्योंकि बच्चों लिए पहली पाठशाला घर है। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में मंगलवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से आयोजित परीक्षा पर्व 4.0 पर राज्यस्तरीय संवेदीकरण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान कही। वे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।

स्वामी विवेकानंद और अहिल्याबाई होल्कर की मिसाल: राज्यपाल ने कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद और रानी अहिल्याबाई का उदाहरण देकर बच्चों को समझाया। राज्यपाल ने कहा कि सिर्फ परीक्षा के समय ही पढ़ाई नहीं करें, बल्कि हर दिन पढ़ाई करें। इससे आपका कांसेप्ट क्लियर होगा और परीक्षा के समय में आपको डर नहीं लगेगा। सभी को डर लगता है, लेकिन अगर अपने लक्ष्य तक पहुंचना है तो अपने को हिम्मत रखनी है। राज्यपाल ने कहा कि जो स्कूल में पढ़ाया जाता है उसे हर दिन घर में आकर पढ़ लीजिए तो आप कभी नहीं भूलेंगे। अभिभावक अपनी इच्छा बच्चों पर ना थोपें। उन्हें प्रोत्साहित करें। अभिभावक बच्चों पर परसेंटेज लाने का दबाव नहीं डालें। बच्चों को ऐसे प्रेरित करें कि अधिक नंबर लाने पर कुछ उपहार दिलाएंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि अगर परीक्षा के दौरान एक पेपर खराब चला जाए तो सभी विषयों को पढ़ना नहीं छोड़ें, बल्कि लगे रहें। राजरूपाल ने बच्चों से कहा कि जब तक आपका लक्ष्य पूरा नहीं हो, तब तक लगे रहें। उन्होंने रानी अहिल्या बाई की कहानी सुनाते हुए कहा कि वे शादी के बाद पढ़ना चाहती थी, लेकिन घर के सदस्यों ने विरोध किया। लेकिन अहिल्याबाई विरोध के बाद भी पढ़ाई की। साथ ही शिक्षकों से कहा कि बच्चे को अच्छा नागरिक बनाएं और उन्हें अपने बच्चे की तरह मानें। शिक्षकों को भी बच्चों को प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग मौजूद थे। इसके अलावा (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो और सदस्य सचिव रूपाली बनर्जी सिंह ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से छात्र-छात्राएं, बाल स्वराज कोविड केयर बच्चे, शिक्षक और अन्य बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर एनसीपीसीआर द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुस्तक %एग्जाम वारियर% का वितरण किया गया। बता दें, कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 2019 से परीक्षा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज समापन कार्यक्रम रखा गया था।

हेल्पलाइन पर लें मदद

इस दौरान राष्ट्रीय बाल आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि बच्चों की मदद के लिए और प्रेरित करने के लिए कोविड काल में आयोग की ओर से संवेदना (1800-121-2830) हेल्पलाइन बच्चों के लिए परीक्षा और परिणाम संबंधी चिंताओं, तनाव और चिंता से निपटने के लिए के प्रशिक्षित परामर्शदाताओं द्वारा एक टोल फ्री टोल टेली-काउंसलिंग सेवा संचालित की गई है। इस पर निश्शुल्क काउंसिलंग की जाती है। इस पर देशभार से बच्चों के काल आते हैं। इस पर बच्चे अपनी समस्याएं रख सकते हैं।

कम मतदान वाले क्षेत्रों में चलाया जाएगा जागरुकता अभियान

भोपाल। कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता अभियान का संचालन किया जाएगा। एक जून से 24 जून तक ग्राम पंचायतों में लगने वाले हाट, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर मतदान जागरूकता स्टाल लगाए जाएंगे। सभी वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में सचिव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। कैंपस एंबेसडर द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एनजीओ, गैर राजनीतिक व्यक्ति, व्यापारी वर्ग, स्वसहायता समूह, परिसर दूत, रंगकर्मी, कलाकारों, गायकों, एनसीसी, एनएसएस, एनवायके माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अविनाश लवानिया ने कल मान्यता प्राप्त दल के प्रतिनिधियों के साथ स्टेंडिंग कमेटी की बैठक ली। इस बैठक में प्रतिनिधियों को जिले में चल रही चुनाव आचार संहिता के संबंध में जानकारी दी और बुकलेट भी दी गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जाए। जहां पर पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम था, वहां विशेष अभियान चलाया जाए। स्थानीय कलाकारों के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ऋतुराज सिंह, उप निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनपद पंचायत फंदा और बैरसिया के कुल तीन लाख 85 हजार 106 मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जून के पहले साप्ताह में मतदाताओं को मतपत्र के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया के बारे में समझाया जाएगा। जिला और विकासखंड स्तर पर युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने सम्मेलन कार्यक्रम किए जाएंगे। महिलाओं द्वारा पंचायतों में रंगोली, मेंहदी, लोकगीत, लोकनृत्य, भाषण, चित्रकला, स्लोगन, लेखन, साइकिल रैली आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं वर्ष 2014 में जिन पंचायतों में मतदान का प्रतिशत कम था या फिर नई बसाहट, दिव्यांग मतदाता, दूरस्थ एवं बिखरे क्षेत्रों के मतदाताओं का आकलन कर उन्हें भी मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा।

एक से 24 जून तक हाट, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्टाल लगाए जाएंगे

इसी दौरान जिला स्तर पर मस्कट का विमोचन किया जाएगा। गठित दलों द्वारा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्र के मतदाताओं को सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला पंचायत भोपाल में कुल 3152 वार्ड और 222 पंचायतें हैं। जिनमें से जनपद पंचायत फंदा में 1366 वार्ड और 96 पंचायत एवं बैरसिया में 1786 वार्ड, 126 पंचायत हैं। जबकि फंदा में जिला पंचायत सदस्य के वार्ड एक से पांच और बैरसिया में वार्ड छह से दस हैं। इसी तरह दोनों जनपदों में 25-25 वार्ड सदस्य के हैं।

नर्मदा के पानी की 24 घंटे होगी निगरानी पानी की शुद्ध जांचने के लिए मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लगा रहा मशीन

भोपाल। नर्मदा नदी के पानी की जांच के लिए मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सेठानी घाट पर नई मशीन लगा रहा है। यह मशीन 24 घंटे पानी की जांच करती रहेगी। साथ ही सेठानी घाट पर एक डिस्पले बोर्ड भी लगाया जाएगा। इस बोर्ड में पानी की जांच की जानकारी हर मिनट अपडेट होगी। लगभग 25 लाख की लागत से यह सिस्टम तैयार किया जा रहा है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय में सर्विलांस सिस्टम है जो कंट्रोल रूम का काम करता है। नर्मदा नदी पर लगाए जाने वाले सर्विलांस सिस्टम इससे जुड़ेगा। जो 24 घंटे पानी की गुणवत्ता से जुड़ी रिपोर्ट देते रहेंगे। ये सिस्टम पानी में तय स्तर से अधिक प्रदूषण पर अलर्ट मैसेज भी देंगे।

इन मानकों पर होगी पानी की जांच

नदी के पानी में पीएच, डिजॉल्व ऑक्सीजन, बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड, क्लोराइड, सल्फेट, टी. हार्डनेस, कैल्सियम हार्डनेस, तापमान, एफ-कोलिफॉम, टी-कोलिफॉम, सोडियम, पोटेशियम, मैग्नेशियम एच, टी-सॉलिड, डी-सॉलिडस, एस-सॉलिड सहित अन्य मानकों पर पानी की जांच की जाएगी।

प्रदेश में यहां भी लगेंगे सिस्टम

पर्यावरण विभाग और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नर्मदा नदी में 10 अन्य स्थानों को स्टेशन लगाने के लिए चिंहित किया है। इन स्थानों में डिंडोरी, मंडला, नरसिंहपुर जिले का बरमान घाट, सीहोर जिले में शाहगंज, देवास जिले का नेमावर, खंडवा में ओंकारेश्वर, मंडलेश्वर, धार जिले के धरमपुरी, बड़वानी के राजघाट और आलीराजपुर के ककराना घाट शामिल है।

पेट्रोल-डीजल पर केंद्र ने तो राहत दी, अब मप्र सरकार भी कम करे टैक्स

भोपाल। भारत सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी कम करने के बाद आम उपभोक्ताओं और ट्रांसपोर्टरों को राहत तो मिली है, लेकिन ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने प्रदेश सरकार से भी यह उम्मीद लगाई है कि वह वैट कम करके राहत प्रदान करे। ट्रक आपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीएल मुकाती का कहना है कि 10 दिन पहले केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी कम करने से राहत तो मिली है, लेकिन प्रदेश सरकार कोई राहत नहीं दे रही है। केंद्र सरकार द्वारा ईंधन पर टैक्स कम करने के अगले ही दिन महाराष्ट्र सरकार ने भी टैक्स कम कर दिया। इससे मध्य प्रदेश के मुकाबले महाराष्ट्र में पेट्रोल और डीजल लगभग पौने दो रुपये सस्ता हो गया है। उत्तर प्रदेश में तो पहले से ही टैक्स कम होने से वहां पेट्रोल व डीजल मध्य प्रदेश से लगभग पांच रुपये सस्ता है। मध्य प्रदेश सरकार को भी पेट्रोल व डीजल पर टैक्स कम करना चाहिए।

दिनेश कुमार निरंजन किसान जनसेवक ने आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 12 से नामांकन फार्म दाखिल किया अजब गजब नामांकन फार्म जमा किया गया जिसमें प्रत्याशी दिनेश कुमार निरंजन के द्वारा बैलगाड़ी से किसानों के काफिले के साथ टीकमगढ़ कलेक्टर कार्यालय में फार्म जमा किया

विवेक राय संवाददाता पुष्पांजलीं टुडे

टीकमगढ़= जिस्तरीय पंचायत चुनाव का बिगुल बजते ही उम्मीदवारों की होड़ लग रही है जनपद पंचायत सदस्य सरपंच पद हेतु एवं जिला पंचायत सदस्य पद हेतु नामांकन दाखिल किए जा रहे हैं आज किसान जनसेवक दिनेश कुमार निरंजन निवासी बखतपुरा पलेरा तहसील जिला टीकमगढ़ के द्वारा कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर नामांकन फार्म जमा किया गया है आपको बता दें कि यह टीकमगढ़ जिले में अनोखा नामांकन भरा गया है जिसमें प्रत्याशी दिनेश कुमार निरंजन के द्वारा बैलगाड़ी एवं अपने काफिले के साथ पहुंचकर जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 12 के लिए नामांकन फार्म जमा किया गया है आपको बता दें कि इस नामांकन फार्म जमा करने के काफिले को एवं बैलगाड़ी को टीकमगढ़ जिले के लोग एवं प्रशासनिक अधिकारी देखते रह गए प्रत्याशी के बुंदेलखंडी रीती रिवाज के साथ बैलगाड़ी से नामांकन फार्म जमा करने आए जिसकी टीकमगढ़ जिले वासियों के द्वारा प्रत्याशी की

सराहना की गई एवं बधाई एवं शुभकामनाएं और उज्जवल भविष्य की कामना की है वही दिनेश कुमार निरंजन किसान नेता ने कहा है बुंदेलखंड में विगत 2015 से किसानों की आवाज को बुलंद कर रहा हूं और शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक हितग्राहियों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है इस नामांकन फार्म जमा करने में मुख्य रूप से नीरज यादव राजा भैया बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा , कुमारी सपना राजा परमार राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मनीष यादव राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रकाश खरे एडवोकेट राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनमोहन चढ़ार प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद यादव बुंदेलखंड प्रभारी गणेश राजपूत बाबू महाराज पुष्पेंद्र यादव मोंटी यादव विक्रम राय पुष्पेंद्र राजा हरगोविंद सिंह खंगार क्षत्रिय नाथूराम लोधी दीवान जू ठाकुर प्यारे चढ़ार पुष्पेंद्र राय अमित दीक्षित पप्पू राजा प्रमोद यादव शंकर यादव भज्जू यादव करण यादव ऋषि राज राजा लखन राजपूत डीके यादव नरेश तिवारी अरविंद राजा परमार मोनू राजा कमलेश कुशवाहा महेंद्र पटेल जमीदार जीतू यादव बद्री प्रसाद अहिरवार पूर्व सरपंच भानु निरंजन बब्लेश राजपूत रानू महाराज स्वामी यादव और कल्लू गौर नंदकिशोर प्रजापति संतोष यादव जय राम लक्ष्मण नंदलाल कुशवाहा अंकित गुप्ता कैलाश नारायण राय रोहित रिछरिया भागचंद राय भागचंद राजपूत बृजेश राजपूत परशुराम राजपूत गोपाल चढ़ार राहुल राजपूत राजेंद्र राजपूत भगतपुरा प्रसाद तिवारी प्रेम नारायण पटेरिया राम प्रकाश नायक सलीम खान सहादत टोरिया रामजी मिश्रा रामेश्वर बालकिशन खेरा राम कुमार ढीमर कल्लू पाल मुन्नी लाल पाल शाहपुरा मुलायम चढ़ार मनोज दुबे हनोता भवानी दास यादव भागीरथ कुशवाहा नानू कुशवाहा दीनदयाल प्रजापति को ना रहीश पाल परा जगदीश राजोरिया हजारों की संख्या में जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 12 से नामांकन दाखिल करने काफिला पंहुचा।

शहर भ्रमण कर निगमायुक्त ने देखी सफाई व्यवस्था, गंदगी पाये जाने पर क्षेत्राधिकारी व नोडल अधिकारी आश्रय स्थल को कारण बताओ नोटिस जारी

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को शहर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने के लिये आवशयक दिशा निर्देश दिये तथा गंदगी पाये जाने पर क्षेत्र क्रमांक 1 के क्षेत्राधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने बुधवार को शहर में सफाई में व्यवस्था का जायजा लेने के लिया। उन्होंने सबसे पहले महाराज बा? पर नजरबाग मार्किट का निरीक्षण किया, जिसके बाद बा? पर नगर निगम के फायर बिग्रेड के ऑफिस के कर्मचारियों से समस्याओ को जाना और पार्क का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही बहोडापुर चौराहे पर संचालित सुलभ में गंदगी पाए जाने पर द्वारा नाराजगी व्यक्त कर संबंधित क्षेत्र अधिकारी श्री राजीव सोनी क्षेत्र क्रमांक 1 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए एवं उपरोक्त सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कर आज ही कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 37 में गंदगी पाए जाने पर डब्ल्यूएचओ 37 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही निगमायुक्त श्री कन्याल ने ग्वालियर बस स्टेण्ड और आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नोडल अधिकारी (मुख्यमंत्री आश्रय स्थल) श्री सुनील सिंह चौहान और श्री अमित सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, दरअसल 8 दिनों से ग्वालियर के रोडवेज बस स्टैंड पर विकास कार्य किया जा रहे जिसमे भारी लापरवाही बरती जा रही थी इसके अलावा आश्रय स्थल में भी गंदगी, गंदे बिस्तर होने पर यह कार्यवाही की गई है।

संक्षिप्त समाचार

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2022

जिले के 4,70,995 ग्रामीण मतदाता चुनेंगे पंच-सरपंच एवं जनपद व जिला पंचायत सदस्य

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में ग्वालियर जिले के ग्रामीण अंचल में निवासरत 4 लाख 70 हजार 995 निवासियों को वोट डालने का अधिकार है। ग्रामीण अंचल के कुल मतदाताओं में 2 लाख 53 हजार 34 पुरूष और 2 लाख 17 हजार 938 महिला मतदाता शामिल हैं। जिले के ग्रामीण अंचल में पुरूष और महिला मतदाताओं का अनुपात 861.2 है। अर्थात एक हजार पुरूष मतदाताओं पर औसतन 861.2 महिला मतदाता हैं। जिले की जनपद पंचायत मुरार में कुल मतदाताओं की संख्या एक लाख 4 हजार 199 है, जिनमें 57 हजार 164 पुरूष और 47 हजार 30 महिला मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत घाटीगाँव में कुल एक लाख एक हजार 575 मतदाता हैं। यहाँ के कुल मतदाताओं में 54 हजार 587 पुरूष व 46 हजार 984 महिला मतदाता हैं। जनपद पंचायत डबरा में कुल मतदाताओं की संख्या एक लाख 22 हजार 684 है। इनमें 65 हजार 447 पुरूष और 57 हजार 232 महिला मतदाता शामिल हैं। जनपद पंचायत भितरवार में कुल मतदाताओं की संख्या एक लाख 42 हजार 537 है। जिनमें 75 हजार 836 पुरूष व 66 हजार 692 महिला मतदाता हैं।

महिला मतदाताओं का सबसे अधिक अनुपात जनपद पंचायत भितरवार में

महिला एवं पुरूष मतदाताओं के अनुपात के लिहाज से ग्रामीण क्षेत्र में सबसे अच्छी स्थिति जिले की जनपद पंचायत भितरवार की है। यहाँ पर एक हजार पुरूषों के पीछे 879.4 महिला मतदाता हैं। इसके बाद जनपद पंचायत डबरा में एक हजार पुरूषों के पीछे 874.4, जनपद पंचायत घाटीगाँव में एक हजार पुरूषों के पीछे 860.7 महिला मतदाता एवं जनपद पंचायत क्षेत्र मुरार में एक हजार पुरूषों के पीछे 822.7 महिला मतदाता हैं।

कांग्रेस का महापौर, कांग्रेस की निगम परिषद बनाएं

ग्वालियर की दुर्दषा करने वाली भाजपा को निगम से हटाएं: डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता एवं विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार, प्रदेष महासचिव सुनील शर्मा की उपस्थिती में आज कांग्रेस प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक कांग्रेस भवन षिंदे की छावनी पर सम्पन्न हुई, बैठक का प्रारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी की प्रतिमा पर माल्यपर्ण कर प्रारंभ हुई। बैठक में नगर निगम चुनाव, 18 जून को लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस, 19 जून पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी के जन्म दिवस, 23 जून को स्व. श्री संजय गांधी जी की पुण्यतिथि, अनुषासन समिति का पुर्नगठन, भाजपा की केन्द्र और प्रदेष सरकार के खिलाफ जनआंदोलन पर चर्चा कर निर्णय हुआ। बैठक का संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल द्वारा एवं आभार व्यक्त कार्यवाहक अध्यक्ष वीर सिह तौमर द्वारा किया गया।

महापौर, वार्ड प्रत्याषी, आंदोलनो एवं कार्यक्रमो के लिए डॉ. देवेन्द्र शर्मा को अधिकृत किया

कांग्रेस प्रबंध कार्यकारिणी में सर्वसम्मती से प्रस्ताव पास कर कांग्रेस प्रत्याषी, महापौर वार्ड प्रत्याषी, अनुषासन समिति, कार्यक्रमो, भाजपा की केन्द्र और प्रदेष व निगम सरकार के खिलाफ आंदोलन एवं मप्र कांग्रेस कमेटी से प्राप्त परिपत्रो पर निर्णय लेने का अधिकारी शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा को दिया गया है।

भाजपा की निगम ने किया ग्वालियर को बदहाल कांग्रेस बनाएगी ग्वालियर को खुषहाल

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम चुनाव 2022 ग्वालियर के विकास और प्रगति और खुषहाली के लिए कांग्रेस का महापोर कांग्रेस की नगर निगम परिषण बनना आवष्यक है कांग्रेस के सभी पदाधिकारी जिस वार्ड में रहते है उस वार्ड में अभी से ही जनता के बीच सम्पर्क में रहें। 45 सालो मे भाजपा ने ग्वालियर को बदहाल बना दिया है, टूटी स?को का जाल, सीवरयुक्त पानी, गंदगी के ढेर, पार्को की दुर्दषा, स्वर्ण रेखा नाले में बहता गंदा पानी, हर जगह अंधकार का बोलबाला है, भाजपा निगम द्वारा अनेक प्रकार के टेक्स लगाकर जनता से वसूली की जा रही है, स्वच्छता के नाम पर ग्वालियर पिछ?ता जा रहा है, महपुरूषो की प्रतिमाएं धूल खा रही है, स?को पर आवार पषुंओ का जमाव?ा लगा रहता है, चंबल से तिघरा में पानी लाने मे नाकामी, कल भी ग्वालियर प्यासा था आज भी ग्वालियर प्यासा है और स्मार्ट सिटी में ग्वालियर को बदहाल बना दिया है, ग्वालियर को बदहाली से निकालने के लिए कांग्रेस को निगम चुनाव जीतना आवष्यक है, निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याषी होगी और चुनाव चिन्ह होगा हाथ निषान, कांग्रेस को जिताओगे तभी बढेगी शान, भाजपा ने अमेरिका इंग्लैंड जैसी स?के बनाने की बात की ग्वालियर को ग्वालियर ही न बना पाई। समय की पुकार है ग्वालियर का जनमानस चाहता है।

निगम अमले ने स्टेशन बजरिया में से हटाया अतिक्रमण, कराई सफाई

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा बुधवार को अभियान चलाकर स्टेशन बजरिया में अतिक्रमण हटाया गया तथा मदाखलत अमले ने सड़क पर रखा सामान जब्त किया एवं जहां भी गंदगी थी तत्काल सफाई कराई गई।

अपर आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में चले अभियान के दौरान स्टेशन बजरिया में सभी दुकानों के सामने निरीक्षण कर सफाई कराई गई तथा जिन दुकानदारों द्वारा बार-बार समझाइश देने के बाद भी 2-2 डसटबिन नहीं रखे थे और गंदगी फैलाई जा रही थी उनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की गई।

इसके साथ ही चबूतरा व रैंप इत्यादि बनाकर एवं अन्य सामान रखकर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया तथा पुनः अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई और यातायात को सुगम कराया गया। कार्रवाई के दौरान उपायुक्त एवं नोडल मदाखलत अधिकारी श्री अमर सत्य गुप्ता, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

आचार संहिता प्रभावशील होने से देर रात्रि तक संपत्ति विरूपण की कार्यवाही जारी

ग्वालियर दिनांक 01 जून 2022- नगरीय निकाय निर्वाचन को देखते हुए आचार संहिता प्रभाव शील होने से नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में देर रात्रि तक अभियान चलाकर चौराहों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों से पोस्टर एवं वैनर हटाने की कार्यवाही की गई।

निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं सत्येन्द्र सिंह भदौरिया के निर्देशन में पूरे शहर में अलग-अलग दल बनाकर संपत्ति विरूपण के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें फूलबाग चौराहा, पडाव, हजीरा, गोले का मंदिर, मुरार बारादरी, ठाठीपुर, दीनदयाल नगर, महाराज बाडा, कंपू, बहोडापुर आदि विभिन्न जगहों से होर्डिंग, बैनर, पेम्पलेट आदि हटाने की कार्यवाही देर रात्रि जारी रही।

मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया को बदलने एक सैकड़ा सेवकों ने किए असंख्य हनुमान चालीसा के पाठ

ग्वालियर 1 जून संकट मोचन हनुमान बालाजी मंदिर गोल पाड़ा पर घोषित कार्यक्रम के अनुसार रात्रि 8:00 बजे से लगभग एक सैकड़ा सेवकों ने प्रभु हनुमान जी महाराज से प्रार्थना करते हुए असंख्य हनुमान चालीसा के पाठ किए उन्होंने हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की कि मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने जिस वर्ग सेआते हैं उस वर्ग को आरक्षण दिलाने के लिए इस हद तक प्रयास किए हैं जिससे प्रदेश की सभी प्रतियोगी परीक्षाएं अधर में लटकी हुई हैं न्यायालयों में अटकी हुई हैं प्रतियोगी छात्र-छात्राए परीक्षाये देकर बैठे हुए हैं सरकारी विभागों में पद खाली हैं प्रदेश में होने वाले निकाय और पंचायत चुनाव भी उन्हें की आरक्षण जिद के कारण रुके हुए थे निकाय चुनाव के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए तीसरी बार आरक्षित पर्चियां डाली गई है इच्छुक प्रत्याशी आरक्षित होने के पश्चात तैयारी करता रहा और निराश होता रहा प्रदेश के मुखिया जिस वर्ग से आते हैं केवल उसी वर्ग ने उन्हें प्रदेश का मुखिया नहीं बनाया है । जिस पद पर वह हैं उन्हें सभी के हित में सभीवर्गों के लिए कार्य और प्रयास करना चाहिए कितने वर्षों से वह प्रदेश के मुखिया हैं उन्होंने ऐसे कार्य क्यों नहीं किए जिससे आरक्षण की आवश्यकता ही नहीं पड़ती आजादी के 75 साल बाद भी हमारे प्रदेश के मुखिया आरक्षण की बैसाखी पर चल रहे हैं जिससे प्रदेश का विकास तो अवरुद्ध हो ही रहा है साथ ही जनता में आक्रोश बढ़ रहा है उनकीआरक्षण की जिद के कारण 2018 में पार्टी चुनाव हार चुकी है अब यदि अब हमारी पार्टी इन्हें नहीं हटाती है तो 2023 में किसी भी कीमत पर भाजपा की सरकार नहीं बन पाएगी इसलिए मंदिर के सेवकों ने भाजपा की सरकार सुनिश्चित कराने के लिए मुख्यमंत्री बदलने के लिए हनुमान जी महाराज से गुहार लगाई है हर मंगलवार को मंदिर प्रांगण में इसी तरह सेवक गण हनुमान चालीसा के पाठ करेंगे और यह जब तक जारी रहेंगे तब तक शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के मुखिया पद से नहीं हट जाते हैं आज चालीसा पाठ करने वाला में प्रमुख रूप से किशन सिंह तोमर संजय जैन श्याम कुमार शर्मा राहुल महेश्वरी सुरेश गोयल यशपाल सिंह तोमर दाताराम बाथम कमल किशोर श्रीवास्तव राज परेता चंद्र प्रकाशश्रीवास्तव अरुण तिवारी श्याम पचौरी विजेंद्र कुमार वर्मा धर्मेंद्र चतुर्वेदी सोनू अग्रवाल अनुज प्रताप सिंह चौहान मनीष पचौरी नीलेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

क्राईम ब्रांच व थाना विश्वविद्यालय पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

ग्वालियर पुलिस ने आपराधिक प्रकरण में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

ग्वालियर। ग्वलियर पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में फरार आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 01.06.2022 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना विश्वविद्यालय के दुष्कर्म के प्रकरण के गवाह को डराने, धमकाने व मारपीट करने के अपराध में फरार आरोपी को पुरानी छावनी में देखा गया है। मुखबिर की सूचना पर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* को उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु बताया गया। अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) द्वारा *अति. पुलिस अधीक्षक(दक्षिण) श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे* से समन्वय स्थापित करते हुए क्राईम ब्रांच एवं थाना विश्वविद्यालय पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर उक्त फरार आरोपी को पक?ने हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर भेजने हेतु निर्देश किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में *सीएसपी विश्वविद्यालय श्री रत्नेश तोमर एवं उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री विजय भदौरिया* के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक डॉ. संतोष यादव एवं थाना प्रभारी विश्वविद्यालय निरी0 संतोष मिश्रा के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच व थाना बल की संयुक्त टीम को पुरानी छावनी भेजा गया। पुलिस टीम को उक्त प्रकरण का फरार आरोपी पुरानी छावनी के एक मकान मे छिपा मिला, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर धरदबोच लिया गया। पक? गये आरोपी से प्रकरण के संबंध मे पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया, उसने यह भी बताया कि माह अप्रैल 2021 में फरियादिया द्वारा थाना विश्वविद्यालय में उसके विरूद्ध दुष्कर्म का प्रकरण पंजीबद्ध कराया गया था। उक्त प्रकरण में जमानत पर छूटने के बाद मेरे द्वारा फरियादिया पर प्रकरण वापस लेने के लिये डराया और धमकाया जा रहा था।

दिगंबर जैन जागरण युवा ग्रेटर ने स्वीमिंग पूल पार्टी की आयोजित

मानसून थीम पर स्विमिंग पूल पार्टी व गेम्स खेले लिया आनद

स्विमिंग पूल पार्टी में संस्था के फैमली मेम्बरो ने बच्चों के संग की मौजमस्ती..।

ग्वालियर- आज ब्लू है पानी पानी और दिन भी सनी सनी आजाओ यार फोटो मेरी खींच....पानी दा रंग वेख के आंखियाँ चो हंज्जो रोड़ दे....संग तेरे पानियों सा, पानियों सा पानियों सा बहता रहूँ...मेघा रे मेघा रे, मत परदेस जा रे आज तू प्रेम का संदेस बरसा रे..जैसे मानसून थीम के बॉलीवुड गानों पर 50 फैमली मेम्बरों ने गेम्स के साथ डांस व मस्ती से साथ आंनद लिया। यहाँ आयोजन श्री दिगंबर जैन जागरण युवा ग्रेटर मंच की ओर से आज शिवपुरी लिंक रोड स्थित फिरंगी पानी रिजॉर्ट में प्रथम मानसून थीम पर स्विमिंग पूल पार्टी कार्यक्रम किया गया। स्विमिंग के पास में सेल्फी जॉन साइकिल व फोटोफ्रेम सेल्फी जॉन बनाया गया। जिसमें मेम्बरों जमकर सेल्फी जॉन का भरपूर आनंद लिया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478